## ब्रीफ खबरें

### ट्रैक्टर का चक्का चढ़ने से छात्र की हुई मौत

**गुमला ।** सदर थाना क्षेत्र के फोरी पंचायत के भंडरिया तेतर टोली निवासी 8 वर्षीय मनीष उरांव की ट्रैक्टर से गिरने व ट्रैक्टर का चक्का चढ़ने से मौत हो गई. घटना बुधवार देर शाम की है. जानकारी के अनुसार विनोद गोप के ट्रैक्टर में चालक सूरज उरांव ने 10 वर्षीय छात्र अनुज उरांव और 8 वर्षीय छात्र मनीष उरांव को ट्रैक्टर में बैठा कर तेज गति से घुमा रहा था. कटिंग करने के दौरान दोनों छात्र ट्रैक्टर से नीचे गिर गए और मनीष उरांव के शरीर पर ट्रैक्टर का चक्का चढ़ गया. जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई.

### बड़े भाई ने छोटे भाई को मारी कुल्हाड़ी, मौत

**सिमडेगा ।** जिले के कोलेबिरा थाना क्षेत्र स्थित डोमटोली सेरेंगटोली में बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी. मृतक की पहचान प्रभु सहाय बागे के रूप में हुई है. वहीं आरोपी की पहचान पवन बागे के रूप में की गयी है. घटना की जानकारी मिलने के बाद कोलेबिरा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजने की तैयारी में जुट गई. वहीं आरोपी भाई को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है.

### सब इंस्पेक्टर की मॉर्निंग वॉक के दौरान मौत

**पलामू ।** पाटन थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर राजनंदन यादव की मॉर्निंग वॉक के दौरान मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार, राजनंदन यादव हमेशा की तरह सुबह मॉर्निंग वॉक पर गये थे. तभी अचानक वो जमीन पर गिर गये. मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी उनको स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया. बाद में राजनंदन यादव को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. आशंका है कि मॉर्निंग वॉक के दौरान उन्हें ब्रेन हैम्ब्रेज हुआ होगा.

### आकलन सहायक शिक्षकों की बैठक अब होगी 11 को

**मेदिनीनगर ।** पलामू जिला के आकलन सफल अध्यापक व अध्यापिकाओं की बैठक 11 फरवरी को कचहरी परिसर स्थित पुराना डीएसई कार्यालय के समीप 11 बजे से होगी. उक्त जानकारी आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी ने दी है. तिवारी ने बताया कि बैठक में जिला कमेटी के नवनिर्माण, संगठन गतिविधि और सहायक आचार्य में आकलन पास को भी मौका मिले इस पर चर्चा की जाएगी. उन्होंने पलामू जिला के आकलन सफल सभी साथियों से बैठक में शामिल होने की अपील की.

### पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश सिंह ने दिया योगदान

**भवनाथपुर ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश सिंह ने योगदान दिया. वर्तमान प्रभारी चिकित्सक डॉ रंजन दास ने दिनेश सिंह को बुके देकर स्वागत किया. दिनेश सिंह को भवनाथपुर में प्रभार मिलने से दो दो एमबीबीएस चिकित्सक मिलने से स्वास्थ्य व्यवस्था में मरीजों को इलाज में सहूलियत मिलेगी. साथ ही पूरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी भी काफी खुशी का इजहार किया. मौके पर प्रदीप पाठक, अरुण लकड़ा, विद्यानंद प्रजापति, सुनील पटेल, अनूप कुमार, धर्मजीत पासवान, अशोक मौजूद थे.

झारखंड मे भारत जोड़ो न्याय यात्रा धनबाद से शुरू हुई थी, गढ़वा-पलामू होते हुए 15 को बिहार में प्रवेश करेगी

# न्याय यात्रा से भाजपा घबरा गयी: राजेश

**संवाददाता। लातेहार**



**बोले ठाकुर**

- 14 फरवरी को पलामू में राहुल की यात्रा होगी
- 14 जनवरी को मणिपुर से यात्रा शुरू की थी

राहुल गांधी की द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा से भाजपा घबरा गयी है. केंद्र की सरकार सरकारी जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही है. उक्त बातें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने स्थानीय परिसदन भवन में कही.

ठाकुर कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि आगामी 14 फरवरी को पलामू में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा होगी. उन्होंने इसे सफल बनाने का निर्देश दिया है. कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 14 जनवरी को मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत की थी. झारखंड मे भारत जोड़ो न्याय यात्रा धनबाद से शुरू हुई थी. गढ़वा-पलामू होते हुए 15 फरवरी को बिहार राज्य मे प्रवेश करेगी. उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी बेटा को जेल भेज कर राज्य की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है. जमीन के मामले मे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया है. वह उनके नाम पर नहीं है. समय आने पर इसका पर्दाफाश किया जायेगा.

उन्होंने कहा कि इडी द्वारा वाट्सप चैट को लीक किया जा रहा है. इसकी जांच होनी चाहिए. मौके पर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, पलामू जिला प्रभारी दीपू सिन्हा, प्रदेश महासचिव सह अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य तौशिक अंसारी, युवा प्रदेश सचिव वेद प्रकाश तिवारी, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, सलाम अंसारी, अमित यादव, मनोज पासवान, साजन कुमार, सुरेंद्र कुमार, रविंद्र प्रसाद व लाडले हसन समेत कई लोग मौजूद थे.

शांति निवास हाईस्कूल के वार्षिकोत्सव पर जिला शिक्षा पदाधिकारी बोले

# हर रोज कुछ न कुछ नया सीखने की प्रेरणा लेनी होगी

**संवाददाता। गढ़वा**



**बोले आकाश**

- कार्यक्रम का उद्घाटन डीईओ आकाश ने किया
- हाईस्कूल बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा रहा है
- पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह भी शामिल थे

शहर के शांति निवास हाईस्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार, पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह, प्रदीप बाखला, विद्यालय की सचिव सिस्टर लिंडा और प्राचार्य सिस्टर रोशना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) आकाश कुमार ने कहा कि शांति निवास हाईस्कूल अपने स्थापना काल से ही जिले के लोगों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा रहा है. पिछले वर्षों में जो कीर्तिमान बनाया है वह तभी सफल रहा है जब इसके पीछे सभी लोगों का मेहनत रहा होगा तभी वह अब तक यहां पहुंचा है.

उन्होंने कहा कि हमें हर रोज कुछ ना कुछ नया सीखने की प्रेरणा लेनी होगी तभी हम अपने जीवन में कुछ नया कर सकते हैं. अगर हम प्रति दिन कुछ नया सीखते हैं तो अपने सफलता के मार्ग में प्रगति करते हैं. साथ ही हमारी अच्छी मानसिकता और आत्मविश्वास भी विकसित होता है. हर दिन नए ज्ञान की प्राप्ति हमें सफलता के रास्ते पर बने रहने में सहायता करती है. पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह ने कहा कि विद्यालय के अनुशासन और बेहतर शिक्षा ही विद्यालय को काफी आगे ले गया है. देश स्तर पर आयोजित होने वाले यूपीएससी की परीक्षा में स्कूल की छात्रा नम्रता चौबे ने सफलता हासिल कर स्कूल और जिला का नाम रोशन किया है.

प्रदीप बाखला ने कहा कि विद्यालय ने महान उपलब्धि हासिल की है. आप सभी लोग अपने लक्ष्य को पाने के लिए चिंता नहीं चिंतन करते हुए अपने लक्ष्य को हासिल करें. मौके पर डीपीएससीसी के अध्यक्ष अलख नाथ पांडेय, डॉ दिवाकर, डॉ उमेश सहाय, संजय सोनी, अशोक विश्वकर्मा, गजेंद्र साहू, नवल, आनंद सिन्हा, शिक्षिका गीता कुमारी, विभा कुमारी, स्वाति तिग्गा, वर्षा बाखला, खुशबू बाखला, रानी मेदीखर, अंजना, शिक्षक ओमप्रकाश शर्मा, अलख पांडेय, रामविनय तिवारी, दीपक उपाध्याय, प्रेम कुमार, प्रिंस पांडेय, सिकंदर खान, अनिल केरकेट्टा, अभिभावक अनूप ठाकुर, राकेश तिवारी, दिवाकर तिवारी, बसंत यादव सहित कई लोग उपस्थित थे.

**बच्चों ने प्रस्तुत किया नागपुरी नृत्य**



शांति निवास हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इससे पहले विद्यालय के प्रधानाचार्य सिस्टर रोशना के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत शॉल एवं पुष्प देकर किया गया. मौके पर विद्यालय के कक्षा चार के बच्चों के द्वारा नागपुरी नृत्य का प्रस्तुति किया गया. साथ ही कक्षा छह एवं आठ के बच्चों के द्वारा चंद्रयान का मॉडल प्रस्तुत किया गया. इसी तरह कक्षा दो के बच्चों ने पंजाबी नृत्य, कक्षा तीन के बच्चों के द्वारा उड़िया नृत्य, कक्षा चार के बच्चों के द्वारा वृक्ष बचाओ विषय पर नाटक का मंचन कर लोगों की तालिया बटोरी, कक्षा एक के बच्चों ने रेट्रो नृत्य, वर्ग आठ के बच्चों ने गुजराती नृत्य, कक्षा छह के बच्चों के ने लावणी नृत्य, कक्षा पांच के बच्चों ने राजस्थानी नृत्य की शानदार प्रस्तुति की गई. कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा खुशी, जिज्ञासा सृष्टि, इशिका एवं निक्की के द्वारा संयुक्त रूप से किया.

### रेल मंत्री से मिले पलामू के सांसद वीडी राम

**मेदिनीनगर ।** पलामू लोकसभा क्षेत्र में रेल सुविधा विस्तार को लेकर सांसद विष्णु दयाल राम ने दिल्ली स्थित रेल भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की. इस दौरान सांसद राम ने 12453/12454 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर उंटारी (श्री बंशीधरनगर) स्टेशन पर ठहराव, बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या के पुनः परिचालन, प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को टाटानगर, मुरी, रांची, लोहरदगा, डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने तथा पलामू जिला अंतर्गत लालगढ़, पंजरीकला, हैदरनगर के डाली, कजरात नावाडीह, डालटनगंज सदर के बुढ़वापीपर व बखारी तथा लहर बंजारी में एलएचएस बनाने की मांग रखी. सांसद ने बताया कि रेल मंत्री उक्त कार्यों को बहुत जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है.

### राष्ट्र निर्माण में मील का पत्थर बनेगा यूसीसी

**मेदिनीनगर ।** उत्तराखंड समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करनेवाला हमारे भारत देश का पहला राज्य बन गया है. यह राष्ट्र निर्माण में मील का पत्थर बनेगा. उक्त बातें पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कही. डॉ. मेहता ने इस ऐतिहासिक कदम के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते हुए कहा कि देश की महिलाओं को संरक्षण देने, अधिकार दिलाने में यूनिफॉर्म सिविल कोड अहम भूमिका निभाएगा. वहीं, आगामी समय में झारखंड सहित पूरे देश में भी यूसीसी को लागू करना होगा. यह हमारे सुनहरे भविष्य की नींव है. हम सभी इस साहसिक कदम का हृदय के अंतःकरण से स्वागत अभिनंदन करते हैं. एक घर के सदस्यों के लिए अलग-अलग कानून होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण अंधेरा है.

# गांडेय में झारखंड महिला मजदूर मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**संवाददाता। गांडेय**

प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को झारखंड महिला मजदूर मोर्चा का एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष अंसुलता स्वरूप ने की. धरना प्रदर्शन में शामिल आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया, स्वाथ्य सहिया ने मुख्य रूप से भाग लिए था. अनुबंध पर कार्यरत महिला कर्मी ने सरकार से न्यूनतम मजदूरी भुगतान की मांग की. धरना में शामिल महिलाओं ने थाली बजा के सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. उनलोगों ने दो सूत्री मांग को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा. झारखंड मजदूर महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सरिता देवी ने कहा कि न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मानदेय निर्धारित करो, विभाग में रिक्त पद पर नियमित करो. साथ ही अनुकंपा, पीएफ बीमा का लाभ देना सुनिश्चित करे को लेकर महिला मोर्चा का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है. अगले 10 फरवरी को जिला मुख्यालय में उक्त मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा. मौके पर मीना देवी, सितारा प्रवीण, दिव्या देवी सहित दर्जनों महिला कर्मी मौजूद थे.

### विधायक भानु ने किया योजनाओं का शिलान्यास

**केतार ।** विधायक भानु प्रताप शाही ने गुरुवार को सिंहपुर में तीन योजनाओं का शिलान्यास किया. विधायक ने केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर स्थित गोरेया बाबा का पूजा अर्चना के पश्चात कांडी मुख्य पथ से पंडा नदी तक पीसीसी पथ का भूमि पूजन, परसोडीह के बांसडीह कला में नल जल योजना का भूमि पूजन एवं ग्राम सिंहपुर में पंडा नदी पर पांच करोड़ के लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास स्थानीय बुजुर्ग के हाथों नारियल तोड़कर किया. विधायक ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने मुकुंदपुर पंचायत के किसी गांव में विकास नहीं किया, बल्कि सिर्फ यहां के लोगों का वोट लेकर लूटने का कार्य किया. सिंहपुर गांव आने जाने का कोई रास्ता नहीं था, तो मेरे द्वारा राजघाटी से लेकर सिंहपुर बस्ती होते हुए ताली तक कालीकरण सड़क बनवाने का कार्य किया गया. जबकि इस गांव के पंडा नदी पर पुल नहीं होने के कारण बरसात के समय इस गांव के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था.

# लातेहार डीडीसी ने की वाटरशेड योजनाओं की भरपूर सराहना



**संवाददाता। लातेहार**

उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने लातेहार जिले में भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2 में वाटरशेड के तहत कराये जा रहे विभिन्न योजनाओं की सराहना की है. उन्होने कहा कि ग्रामीणों को इस योजना का लाभ मिल रहा है.

गुरूवार को उप विकास आयुक्त सदर प्रखंड के डेमू ग्राम में पीएमकेसीएसवाई-2 के तहत कराये जा रहे योजनाओं का निरीक्षण कर रहे थे. मौके पर भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्र मौजूद थे. श्री मिश्रा ने इस योजना के तहत चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी डीडीसी को दी. उन्होने बताया कि इस योजना के तहत ग्रामीण बकरी पालन के अलावा आधुनिक तरीके से फल, गोभी व स्ट्राबरी की खेती कर रहे हैं. उन्होने बताया कि दस स्वयं सहायता समूहों को 90 प्रतिशत अनुदान पर सिंचाई के लिए सोलर पंप प्रदान किया गया है. ग्रामीण सोलर पंप से सिंचाई कर खेती कर रहे हैं. निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी बात की और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उठा कर आत्मनिर्भर होने की अपील की.


**खोया-पाया**

मैं मुन्नी सिंह, पति स्व. नथुनी सिंह, सेक्टर-2, धुर्वा, जगन्नाथपुर थाना, जिला रांची निवासी हूं। दिनांक 7.1.24 को करीब शाम 5 बजे मेरा लिंक डीड जिसका दस्तावेज संख्या 2533/2409, दिनांक 17.03.93 एवं दस्तावेज संख्या 2532/2408, दिनांक 17.03.93 फोटो कॉपी कराने हेतु मोटरसाइकिल से सेक्टर 2 मार्केट, धुर्वा के लिए निकली थी। रास्ते में कहीं मेरी लिंक डीड गिर गया। काफी खोजबीन के बाद भी कहीं नहीं मिला। इसको लेकर मैंने जगन्नाथपुर पुलिस थाना में सनहा दिनांक 04.02.24 को दर्ज कराया है। किन्हीं को मिले या जानकारी प्राप्त हो, तो कृपया संपर्क करें।

अधिवक्ता
Ranjeet Kumar Singh
LIC HFL, Ranchi
Mob. : 7488059747, 9308754904


**तैयारी** 11 फरवरी को ओबीसी एकता मंच का होगा सम्मेलन

# प्रमंडलीय सम्मेलन ऐतिहासिक होगा: शत्रुघ्न

**संवाददाता। लातेहार**



**जुटेंगे लोग**

- ओबीसी समाज का राष्ट्र के निर्माण में अहम योगदान है
- आज तक इस समाज को हक नहीं मिल पाया

पलामू के शिवाजी मैदान में आगामी 11 फरवरी को पिछड़ा वर्ग व ओबीसी एकता अधिकार मंच और राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में पलामू प्रमंडलीय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा. इसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है. राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने इस बात की जानकारी दी.

शत्रुघ्न प्रसाद ने कहा कि यह प्रमंडलीय सम्मेलन ऐतिहासिक होगा और पलामू प्रमंडल में पिछड़ा व ओबीसी वर्ग के लोगों के लिए एक नयी दिशा व दशा तय करेगा. उन्होंने कहा कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए लातेहार जिला के सभी प्रखंडों में एकता रथ चलाया जा रहा है. इस रथ के माध्यम से ओबीसी व पिछड़ा वर्ग के लोगों को उक्त सम्मेलन में भाग लेने की अपील की जा रही है. इसके अलावा प्रखंडों में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है.

प्रसाद ने कहा कि ओबीसी व पिछड़ा समाज का राष्ट्र व समाज के निर्माण में अहम योगदान है. लेकिन आज तक इस समाज को राजनीतिक व सामाजिक रूप से वह हक व अधिकार नहीं मिल पाया, जिसके वह हकदार है. ओबीसी समुदाय जितना राजस्व टैक्स व जीएसटी के रूप में सरकार को देती है, उतना कोई नहीं देता है. इसके बावजूद ओबीसी को उपेक्षित रखा जा रहा है. कहा कि हमें अपने हक अधिकार के लिए आगे आना होगा. लातेहार जिला में ओबीसी का आरक्षण शून्य है. जबकि लातेहार में ओबीसी समुदाय की आबादी आधी से अधिक है. इन सब सवालों को लेकर ही प्रमंडलीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है. प्रसाद ने 11 फरवरी की प्रमंडलीय सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील ओबीसी व पिछड़ा वर्ग के लोगों से की है.

### अज्ञात महिला का शव खेत से हुआ बरामद

**मझिआंव ।** गढ़वा जिला अंतर्गत मझिआंव थाना क्षेत्र के कोइनबार गांव के हरईया टोला के समीप अरहर के खेत से अर्धनग्न अवस्था में क्षत-विक्षत लगभग 27 वर्षीया महिला का शव पुलिस ने गुरुवार को बरामद किया. जानकारी के अनुसार शव होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी थी. सूचना मिलते ही सीडीपीओ नीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह, थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. काफी प्रयास के बावजूद शव की पहचान नहीं की जा सकी. सीडीपीओ ने बताया कि कोईनबार गांव के हरिया टोला से एक अज्ञात महिला का शव अरहर के खेत से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. महिला का चेहरा पूरी तरह से पत्थर से कुचा हुआ और जला हुआ है.

## न्यूज अपडेट

### 10 को गढ़वा-पलामू के दौरे पर जाएंगे सीएम



**मेदिनीनगर ।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन 10 फरवरी को पलामू, गढ़वा दौरे पर रहेंगे. मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से रांची से पलामू के चियांकी एयरपोर्ट पहुंचेंगे. एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से शिवाजी मैदान में पहुंचेंगे और सरकारी कार्यक्रम में भाग लेंगे. अबुआ आवास, सिंचाई परियोजना सहित कई सरकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों दी जाएगी. सीएम के दौरे को लेकर पलामू जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है. इसे लेकर पलामू डीसी शशि रंजन ने जिले के सभी आला अधिकारियों के साथ लगातार बैठक कर रहे हैं. बता दें कि मुख्यमंत्री बनने के बाद चंपई सोरेन का पलामू और गढ़वा यह पहला दौरा है.

### ओरिएंटल कोचिंग सेंटर में हुआ विदाई समारोह



**गढ़वा ।** प्रखंड के हरैया स्थित ओरिएंटल कोचिंग सेंटर में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में दसवीं वर्ग के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई. कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए शिक्षक पवन कुमार गिरि ने बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने और परीक्षा में बेहतर अंक लाने की बात कही. उन्हांने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कोचिंग का रिजल्ट शत प्रतिशत रहेगा. उन्होंने कोचिंग परिवार की तरफ से विधार्थियों को उपहार भी प्रदान किये. साथ ही कोचिंग के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. मौके पर आयुष वर्मा, लव कुमार, राखी कुमारी, खुशी कुमारी मौजूद थे.

### चंदवा में हाथी ने दुकान तोड़कर चावल किया चट



**चंदवा (लातेहार) ।** बुधवार की मध्य रात्रि एक हाथी ने माल्हन पंचायत के केकराही गांव में जम कर उत्पात मचाया. हाथी ने रमन कुमार के जेनरल स्टोर का आटा व चावल चट कर लिया. इसके अलावा रामकिशुन गंझु के दुकान में रखे बिस्कुट-मिक्सचर और कुरकुरे को भी खा गया. हाथी ने 20 हजार रुपये का नुकसान किया. ग्रामीणों ने कहा कि गांव के लोग हाथी के आतंक से परेशान हैं. रतजगा करके पहरेदारी करते हैं. बावजूद इसके हाथियों के द्वारा जान माल की क्षति पहुंचायी जाती है. वन विभाग के अधिकारियों को कई बार सूचना दी गयी है. लेकिन हाथियों को क्षेत्र से खदेडा नहीं जा सका है.

### बरवाडीह के नए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बने वेंकटेश



**लातेहार ।** बरवाडीह क नये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में वेंकटेश कुमार ने यहां योगदान कर लिया है. योगदान करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि 94 बैच के सब इंस्पेक्टर के रूप में बहाल होने के बाद पुलिस सेवा के दौरान लातेहार सदर थाना प्रभारी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं. दूसरी बार अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी के रूप में लातेहार के बरवाडीह अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी के रूप में सेवा करने का मौका मिला है. उन्होंने कहा कि जनसहयोग से बेहतर कार्य करने के साथ-साथ आम लोगों के बीच पुलिस के प्रति एक बेहतर विश्वास पैदा करना भी प्राथमिकता है. कहा कि जिले के पुलिस कप्तान के नेतृत्व में पूरी पुलिस टीम बेहतर तरीके से कम कर रही है

### भाजपा ने किया गांव चलो अभियान कार्यक्रम



**महुआडांड़ (लातेहार) ।** भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद के नेतृत्व में गांव चलो अभियान एवं दीवार लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रखंड के नेतरहाट पंचायत के मोहना पाठ, पसेरीपाठ, बटुआ टोली, आधे व सिरसी समेत अन्य गांवो में भाजपाइयों ने केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी. उन्होने युष्मान योजना, विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, नल जल योजना व निशुल्क खाद्यान्न आपूर्ति योजना की जानकारी देते हुए इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की. जिप एस्तेला नगेसिया ने कहा कि केंद्र सरकार के महिला सशक्तिकरण को ले कर कई योजनाये चलायी जा रही है.

### कुड़ू में देसी कट्टा के साथ आरोपी हुआ गिरफ्तार



**कुड़ू (लोहरदगा) ।** लोहरदगा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी. कुड़ू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया. जिसके पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया. मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में किया गया. आरोपी पूर्व में आर्म्स एक्ट के तहत जेल जा चुका है. इसके विरुद्ध लोहरदगा थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है. पुलिस अधीक्षक लोहरदगा को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि कुड़ू थाना अन्तर्गत ग्राम तान में कोई व्यक्ति अवैध हथियार रखकर घूम रहा है. थाना प्रभारी कूड़ू बिश्वजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया.

### पिरामल फाउंडेशन ने किया कार्यशाला का आयोजन



**लातेहार ।** पिरामल फाउंडेशन ने प्रखंड कार्यालय के सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना बनाने को लेकर एक कार्यशाला (वर्कशॉप) का आयोजन किया. इस कार्यशाला में प्रखंड के मुखिया व पंचायत सचिवों ने भाग लिया. कार्यशाला का उदघाटन प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा और प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप दीप प्रज्ज्वलित कर किया. मौके पर पीरामल के एबीसी टीम की जयश्री नाग और गायत्री कुमारी ने पीपीटी के माध्यम से ग्राम पंचायत योजना, जीपीपीएफटी, एलएसडीजी थीम और जीरो ड्रॉपआउट से संबंधित कई विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी.

### कराटे खिलाड़ियों ने जीते दो स्वर्ण समेत चार पदक



**लातेहार ।** तेलंगाना के करीमनगर अंबेडकर इंडोर स्टेडियम में बीते तीन व चार फरवरी को इंडो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया था. इस प्रतियोगिता में लातेहार के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण समेत चार पुरस्कार जीते. लातेहार जिला कराटे डू एसोसिएशन के सचिव और कोच ऐंसाई अरविंद उरांव ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि विभा रानी उरांव ने 15-16 आयु वर्ग के 46-48 किलोग्राम कांता में स्वर्ण व कुमिते में रजत पदक प्राप्त किया. जबकि विशाल उरांव ने 10-11 वर्ष आयु वर्ग के 30-35 किलोग्राम भार वर्ग के काता में स्वर्ण व कुमिते में रजक पद प्राप्त किया है.

### हत्यारे को पुलिस शीघ्र करे गिरफ्तार: बिरजू राम

**लातेहार ।** माले जिला सचिव सह आंबेडकर विचार मंच के मुख्य संरक्षक बिरजू राम ने गुरुवार को कुटमू के हड़पड़वा गांव पहुंचे और यहां शोकाकुल परिवार को ढांढ़स बंधाया. बता दें कि गत रविवार को अमडीहा बाजार के बगल में एक झाड़ियों से रवि कुमार राम का शव बरामद किया गया था. शव के चेहरे व गर्दन पर रस्सियों के दाग थे. श्री राम ने मृतक के सुबेश राम समेत अन्य लोगों से घटना की जानकारी ली और इस दुःख की घड़ी में हिम्मत से काम लेने की अपील की. मौके पर माले प्रखंड सचिव कमलेश सिंह, माले नेता कृष्णा सिंह और डॉ रमेश प्रसाद सिंह भी मौजूद थे. बिरजू राम ने कहा कि अगर पुलिस हत्यारे को शीघ्र गिरफ्तार नहीं करती है तो आंदोलन किया जायेगा. उन्होंने कहा कि अमडीहा बाजार दारू शराब और मांस- मछली बेचने का बाजार बन गया है. यह अपराधियों और चोर-बदमाशों के अड्डा के रूप में तब्दील हो गया है.

**ब्रीफ खबरें**

### टाटा स्टील ने चलाया जागरूकता अभियान

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो गांधी मैदान में टाटा स्टील यूआईएसएल ने गुरुवार को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान चलाया. इस दौरान मौके पर जिले से एसएसपी किशोर कौशल मौजूद रहे. वहीं विशिष्ट अतिथिके रुप में मानगो नगर निगम के उप आयुक्त सुरेश यादव के अलावा टाटा स्टील के वरिष्ठ महाप्रबंधक धनंजय मिश्रा भी मौजूद रहे. मौके पर एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया. नुक्कड़ नाटक की मदद से लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक किया गया. मौके पर लोगों को बताया कि किस तरह यातायात नियमों का पालन कर सड़कों पर हो रही दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है.

### घाटशिला कॉलेज रोड स्थित लगी आग

**घाटशिला।** घाटशिला कॉलेज रोड स्थित दिलीप चौधरी के खाली जगह में गिरे पेड़ में आग लग जाने से गुरुवार को अफरा-तफरी का माहौल बन गया. स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना पुलिस तथा अनुमंडल पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो को दी. सूचना मिलते ही एसडीओ सच्चिदानंद महतो ने फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करते हुए तत्काल मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा, सीआई, कर्मचारी को भेजा. आग की लपटे इतनी तेज थी कि लोग अपने घरों से पाइप के जरिए पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे.

### इनरव्हील क्लब ने बच्चों में बांटी जरूरत की सामग्रियां

**चाईबासा।** इनरव्हील क्लब द्वारा मध्य विद्यालय मेरी टोला में बच्चों को स्वास्थ्य एवम स्वच्छता के विषय में क्लब की अध्यक्षा भावना राठौर ने जागरूक किया. मौके पर क्लब की सदस्य सीमा राठौर, शिखा दोदराजका, अंजु राठौर, खुशबू दोदराजका और प्रियंका राठौर ने भी गंदगी से होने वाली बीमारियां एवं इससे बचाव की जानकारी दी गई. क्लब के द्वारा बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए उनके मध्य चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कार दिए गए. क्लब के सदस्यों ने बच्चो के बीच साबुन, मंजन टूथपेस्ट वितरण कर सफाई की महत्ता समझाया गया.

### यूनिवर्सिटी में चला मलेरिया जागरूकता अभियान

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के गम्हरिया स्थित अरका जैन यूनिवर्सिटी के एनसीसी कैडेट्स ने मलेरिया जागरूकता अभियान चलाया. कैडेट्स ने यह अभियान जमशेदपुर उपायुक्त कार्यालय से साकची गोल चक्कर तक चलाया. इसमें लोगों को जागरूक किया गया कि सही दवाइयों का उपयोग कर मलेरिया से बचें. इस अभियान में अरका जैन यूनिवर्सिटी के 40 एसडी कैडेट शामिल हुए. इनके साथ एएनओ लेफ्टिनेंट रंजीत कुमार और एक ईएसएम अमरदीप समद व खुशबू कुमारी ने हिस्सा लिया.

### युवती लापता, परिजनों ने पुलिस से लगाई गुहार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के आजादनगर थाना अंतर्गत ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर 14 निवासी 19 वर्षीय मुस्कान परवीन बुधवार दोपहर से लापता है. परिजनों ने आजादनगर थाना में इसकी सूचना दी. इधर, सूचना पाते ही पुलिस मुस्कान की तलाश में लग गई है. परिजन भी मुस्कान को स्टेशन और बस स्टैंड पर तलाश कर रहे है. परिजनों ने बताया कि मुस्कान बुधवार दोपहर घर से यह कहकर निकली थी कि वह थोड़ी देर में आ जाएगी. जब देर शाम वह वापस नहीं लौटी तो आस-पास के लोगों और रिश्तेदारों के यहां फोन लगाकर पूछा पर मुस्कान रिश्तेदारों के घर भी नहीं गई थी.

कांग्रेस पार्टी आदिवासियों की हितैषी होने का दम भरती है, लेकिन लाभ जनरल को देती है

# 'हो' विधायक सोनाराम सिंकू को मंत्री बनाने की मांग

**शैलेश सिंह। किरीबुरु**



मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की सरकार के मुख्य घटक दल कांग्रेस पार्टी में मंत्री बनने को लेकर भारी गुटबाजी देखने को मिल रहा है. महागठबंधन की सरकार में गांठ बहुत है. कोल्हान में कांग्रेस के दो मात्र विधायक हैं. पूर्वी सिंहभूम जिला के पश्चिम विधानसभा से बन्ना गुप्ता सामान्य सीट से विधायक हैं, जो हेमन्त सोरेन की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री हैं. वहीं, पश्चिमी सिंहभूम जिला के जगन्नाथपुर विधानसभा से एसटी सीट से सोना राम सिंकु विधायक हैं. कोल्हान प्रमंडल में हो आदिवासी की संख्या अधिक होने के कारण सोना राम सिंकु को कोल्हान से मंत्री बनाने का दबाव बनाया जा रहा है. कोल्हान प्रमंडल से एक मात्र एसटी सीट से कांग्रेस पार्टी से सांसद गीता कोड़ा आदिवासी हो जाती का प्रतिनिधित्व करती हैं. गीता कोड़ा जगन्नाथपुर से विधायक भी रही हैं. आदिवासी विकास संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह मुंडा ने कांग्रेस पार्टी से मांग की है कि कोल्हान से सोना राम सिंकू को मंत्री परिषद में जगह दी जाय. मुंडा ने यह भी कहा है कि बन्ना गुप्ता पिछली सरकार में चार साल मंत्री रह चुके हैं. अब मात्र कुछ महीना के लिए आदिवासी युवा विधायक सोनाराम सिंकू को मंत्री बनाया जाना चाहिए.

**खास बातें**

- मंत्री बनने को लेकर हो रही भारी गुटबाजी
- सोना राम सिंकू को मंत्री परिषद में जगह दी जाय

**हो आदिवासियों पर कांग्रेस नहीं दे रही ध्यान :** कांग्रेस पार्टी आदिवासियों की हितैषी होने का दम भरती है, लेकिन लाभ देने के समय में जनरल के तरफ हो जाती है. ऐसा ही सोंच कांग्रेस में देखने को मिल रहा है. आज कोल्हान में कांग्रेस पार्टी में आदिवासी बनाम जनरल देखने को मिल रहा है. मुंडा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और मंत्री आलमगीर आलम कोल्हान में आदिवासी हो समाज को नजरअंदाज कर कोल्हान से मंत्री बन्ना गुप्ता को फिर से मंत्री बनाना चाहते हैं. यदि कोल्हान से कांग्रेस कोटा से हो आदिवासी को प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता है तो आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को खामियाजा भुगतना पड़ेगा.

### कांग्रेस पार्टी दो फाड़ होने के कगार में

मंत्री बनाने को लेकर कोल्हान में कांग्रेस पार्टी दो फाड़ होने के कगार में है. कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के चहेते विधायक सोनाराम सिंकू को मंत्री नहीं बना कर कोल्हान में अपनी पार्टी को कमजोर नहीं करना चाहेगी. पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के मोदी लहर में सांसद गीता कोड़ा ने हो आदिवासी बाहुल्य पश्चिमी सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से जीत हासिल की थी. कोल्हान प्रमंडल के सभी हो आदिवासी समाज के लोग जोरदार तरीके से हो आदिवासी से मंत्री बनाने की मांग कर रहे हैं.

180 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ स्विफ्ट कार व पिकअप वैन जब्त

# ईचागढ़ के खिरी में अवैध मिनी शराब फैक्ट्री में छापा

**संवाददाता। चांडिल**



सरायकेला-खरसावां जिला उत्पाद विभाग ने ईचागढ़ थाना क्षेत्र के खिरी में चल रहे नकली अंग्रेजी मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है. पुख्ता सूचना मिलने के बाद जिला के उत्पाद अधीक्षक बिमला लकड़ा के नेतृत्व में खिरी गांव में छापामारी किया गया. छापामारी अभियान के दौरान मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन करते हुए बड़ी मात्रा में नकली शराब ओर शराब बनाने का सामग्री जब्त किया. बरामद शराब व शराब बनाने वाली सामग्री की अनुमानित मूल्य लगभग 15 लाख बताया जा रहा है. शराब व शराब बनाने वाली सामग्री के अलावा उत्पाद विभाग ने एक स्विफ्ट कार और एक पिकअप वैन भी जब्त किया है.

**निजी मकान में चल रहा था शराब बनाने का काम :** मिली जानकारी के अनुसार, ईचागढ़ प्रखंड के खीरी गांव के रहने वाले सदानंद महतो के निजी घर में अवैध शराब फैक्ट्री चल रहा था. इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि सदानंद महतो समेत इसमें शामिल लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. उन्होंने बताया कि 180 पेटी में कुल 16 सौ लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया गया है. जिसकी अनुमानित कीमत 12 लाख रुपये है. उन्होंने बताया कि किंग्स गोल्ड, ब्लैक टाइगर समेत विभिन्न ब्रांडों के 180 पेटी अंग्रेजी शराब, विभिन्न ब्रांड का खाली बोतल, कॉर्क, लेबल रैपर और स्प्रिट जब्त किया है. उत्पाद विभाग ने मौके से पैक करने वाली मशीन भी बरामद किया है. उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ विभाग की कार्रवाई जारी रहेगी. छापामारी अभियान में उत्पाद विभाग की टीम के साथ ईचागढ़ थाना की पुलिस भी शामिल थी.

### हथियार के साथ धराए कुख्यात अपराधी विधाता को पुलिस ने भेजा जेल

**संवाददाता । जमशेदपुर**

जमशेदपुर के कुख्यात अपराधी विधाता तंतुबाई को पुलिस ने सुंदरनगर पोस्ट ऑफिस के पास से गिरफ्तार किया है. पुलिस ने विधाता के पास से एक लोडेड देसी कट्टा भी बरामद किया गया है. इसके अलावा विधाता के पास से एक कार भी बरामद की गई है. जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि सुंदरनगर क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से विधाता हथियार दिखाकर सभी से रंगदारी की मांग करता था. इसी को लेकर कई लोगों ने शिकायत भी की थी. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि विधाता एक कार में घूम रहा है, जिसके बाद उसे सुंदरनगर पोस्टऑफिस के पास घेरकर पकड़ लिया गया. तलाशी के क्रम में उसके पास से एक लोडेड देसी कट्टा बरामद किया गया.

**कई मामलों में जेल जा चुका है विधाता :** जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी ने बताया कि विधाता के खिलाफ झारखंड में पांच और पड़ोसी राज्य में एक मामले दर्ज है. वह लूट और डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम दे चुका है और कई बार जेल भी जा चुका है. अप्रैल 2023 में वह मेडिकल ग्राउंड पर जमानत पर बाहर आया था जिसके बाद वह क्षेत्र में दहशत फैलाकर रंगदारी की मांग करता था. ग्रामीण एसपी ने बताया कि मानगो राजा हत्याकांड और सीतारामडेरा टकलू हत्याकांड से भी इसे जोड़कर देखा जा रहा है. पुलिस विधाता को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी.

### 21 को विभिन्न दलों के सैकड़ों कार्यकर्ता आजसू का थामेंगे दामन

**किरीबुरु।** झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमों सुदेश महतो के 21 फरवरी को मनोहरपुर के राईकेड़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आनंदपुर के प्रखंड प्रमुख सह वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता दिलवर खाका के अलावे, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत प्रतिनिधि समेत सारंडा के विभिन्न गांवों व विभिन्न दलों के सैकड़ों महिला व पुरुष कार्यकर्ता आजसू का दामन थामने की तैयारी में हैं. बताया जाता है कि दिलवर खाका पहले पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं मंत्री जोबा माझी के करीबी रहे हैं. सैकड़ों कार्यकर्ताओं के आजसू में शामिल होने से महागठबंधन के विभिन्न पार्टियों को भारी नुकसान होगा. उक्त जानकारी आजसू नेता संतोष महतो ने दी है.

### जुगसलाई : युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मशेदपुर।** जमशेदपुर के जुगसलाई थाना अंतर्गत आरपी पटेल स्कूल रोड निवासी 30 वर्षीय सतेंद्र सिंह उर्फ नानू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना बुधवार दोपहर की है. सूचना मिलने पर परिजन उसे तत्काल टीएमएच ले गए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. सतेंद्र ऑर्थोपेडिक टेक्नीशियन के रूप में स्ट्राइकर इन इंडिया कंपनी में कार्यरत था. घटना के संबंध में पिता हरजिंदर ने बताया कि कमरे से लगातार मोबाइल की घंटी बजने पर छोटी बेटी ने रूम खोलकर देखा तो सत्येंद्र सिंह फंदे से लटका हुआ था. बहन ने घर वालों को सूचना दी. इसके बाद आनन-फानन में सभी ने सतेंद्र को फंदे से उतार कर टीएमएच पहुंचाया. जहां डॉक्टरों नें उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया.

# जिप उपाध्यक्ष मधुश्री ने देर रात किया बालू घाटों का निरीक्षण



**संवाददाता। चांडिल**

सरायकेला-खरसावां के जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के तिरुलडीह व सपादा बालू घाट का देर रात औचक निरीक्षण किया. इस संबंध में जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि सुवर्णरेखा नदी से जेसीबी, ट्रैक्टर और हाईवे से बालू की निकासी की जा रही है. रात के अंधेरे में अवैध तरीके से बालू का परिवहन किया जा रहा है. इससे सरकार को राजस्व की हानि हो रही है. बालू घाटों की निलामी नहीं हुई है. खनन विभाग जेएमसीडी को अबतक कोई चालान नहीं दिया है. इसके बाद भी रोज तिरुलडीह, ईचागढ़ व नीमडीह थाना क्षेत्र होते हुए 30 से 40 हाईवा बालू निकाला जा रहा है. उन्होंने बताया कि रात के वक्त सिरूम, मिलन चौक, तिरूलडीह सड़क पर चलना जोखिम भरा रहता है. जगह-जगह पर लगाए गए सीसीटीवी में इसे देखा जा सकता है.

**चेकनाका में होती है जांच :** तिरुलडीह पुलिस के साथ किए निरीक्षण के दौरान नदी से वाहन नहीं मिले. नदी के किनारे बालू का ढेर मिला. थाना प्रभारी ने जिप उपाध्यक्ष को बताया कि कुछ बालू पहले से जब्त किया हुआ है. वहीं उसके ठीक सामने कई जगह बालू का ढेर लगा हुआ मिला.

# माझी परगणा महल के वार्षिक सम्मेलन में शामिल होंगे सीएम

**दिलीप कुमार। चांडिल**

पातकोम दिशोम मांझी परगणा महल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में राज्य के नवनियुक्त मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात की और मुख्यमंत्री बनने पर उन्हें गुलदस्ता देकर बधाई दिया. मुलाकात के दौरान महल ने क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर मुख्यमंत्री से मंत्रणा की और समस्याओं के निदान को लेकर चर्चा किया. वहीं महल ने 2024 में होने वाले पातकोम दिशोम मांझी परगणा महल के वार्षिक सम्मेलन में शामिल होने के लिए न्योता दिया.

न्योता मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में शामिल होने का प्रयास करने का आश्वासन दिया. उन्होंने महल के सदस्यों की बातों को ध्यान से सुना और सभी प्रकार की समस्याओं के निदान करने का सार्थक प्रयास करने का भरोसा दिया.

**मार्च में होगा तीन दिवसीय सम्मेलन :** पातकोम दिशोम माझी परगणा महल के महासचिव श्याम मार्डी ने बताया कि महल का विर्षिक सम्मेलन एक से तीन मार्च तक आयोजित किया गया है. चांडिल डैम के निकट शीशमहल में होने वाले वार्षिक सम्मेलन में पातकोम दिशोम के हर क्षेत्र से महल से जुड़े लोग शामिल होंगे. मुख्यमंत्री ने सम्मेलन के अंतिम दिन शामिल होने की सहमति दी है. सम्मेलन में समाज के वर्तमान स्थिति, सामाजिक व्यवस्था और भविश्य की योजनाओं पर मंथन किया जाएगा. मुख्यमंत्री से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल में भादुडीह आतु मांझी बाबा बुद्धेश्वर मार्डी, मांझी परगणा महल के महासचिव श्यामल मार्डी, नेपाल बेसरा, महेंद्र नाथ टुडू, सोमचांद मार्डी, परेश हांसदा, जगन्नाथ किस्कू आदि शामिल थे.



**शोकॉज**

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने राशन डीलरों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

# कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के नौ राशन डीलरों पर गिरेगी गाज

**दिलीप कुमार। चांडिल**

कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के वैसे राशन डीलर जिन्होंने 90 प्रतिशत से ज्यादा राशन वितरण किया है, उन्हें आपूर्ति विभाग ने सम्मानित किया है. वैसे राशन डीलर जिन्होंने 90 प्रतिशत से कम राशन वितरण किया है, उन्हें कार्य में शिथिलता बरतने के मामले में शो कॉज किया गया है. कुकड़ू प्रखंड कार्यालय में राशन डीलरों के साथ जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा ने समीक्षात्मक बैठक में डीलरों को सम्मानित किया. बैठक में कुकड़ू प्रखंड के प्रभारी बीडीओ कीकू महतो भी मौजूद थे. इस दौरान करीब दो दर्जन राशन डीलरों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया जबकि कार्य में शिथिलता बरतने के आरोप में नौ राशन डीलरों को शो कॉज जारी किया गया. मौके पर डीएसओ ने पीडीएस दुकानदारों से उनकी समस्याओं को बारी-बारी से सुना. उन्होंने डीलरों को राशन मिलने के बाद कार्य दिवस में पारदर्शिता के साथ लाभुकों के बीच अनाज का वितरण करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि अनाज वितरण मामले में शिकायत मिलने पर डीलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.



बैठक में शामिल डीएसओ, बीडीओ व राशन डीलर.

### इन डीलरों को किया शो कॉज

अनाज वितरण में शिथिलता बरतने के आरोप में डीएसओ ने कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के नो राशन डीलरों के खिलाफ शो कॉज जारी किया हे. इनमें जनहित महिला समिति सापारूम, शंभुनाथ मांझी, मां संतोषी महिला समिति नूतनडीह, सुषेण चंद्र महतो, रघुनाथ प्रमाणिक, श्याम महिला समिति श्यामनगर, जागृति जय मां दुर्गा महिला समिति चानो, आनंद दुलाल बनर्जी, सामुल सिंह मुंडा शामिल हैं. बैठक में डीएसओ झुनू कुमार मिश्रा ने ओड़िया पंचायत के दुलमी गांव के राशन डीलर आनंद दुलाल बनर्जी को फटकार लगाते हुए यथाशीघ्र बकाया राशन वितरण करने का निर्देश दिया. डीएसओ ने बैठक में कहा कि यदि राशन डीलर आनंद दुलाल बनर्जी के द्वारा बकाया राशन वितरण नहीं किया जाता है तो एफआईआर किया जाएगा और विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी. मालूम हो कि दुलमी गांव के राशन डीलर आनंद दुलाल बनर्जी पर नवंबर माह से राशन वितरण में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए दुलमी गांव के कार्डधारियों ने बीडीओ को ज्ञापन दिया है.

### चापाकल को ठीक कराये पीएचईडी विभाग : मुखिया

**किरीबुरु।** छोटानागरा पंचायत के 10 गांवों व उसके विभिन्न टोला में 50 से अधिक चापाकल खराब है. चापाकल खराब रहने की वजह से ग्रामीणों को निरंतर पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है. उक्त बातें मुखिया मुन्नी देवगम ने कहा. उन्होंने बताया कि पंचायत के सभी गांवों व उसके टोला के सभी घरों तक पानी पहुंचाने हेतु आसन्न जलापूर्ति योजना के तहत बाईहातु गांव में जल मीनार व पानी फिल्टर प्लांट लगाया गया. इस जलमीनार से पानी की आपूर्ति तो हो रही है लेकिन कई गांव व उसके विभिन्न टोला के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है. कारण यह की वहां तक पाईप लाईन बिछाया हीं नहीं गया है और आज तक घर घर में पानी का कनेक्शन दिया हीं नहीं गया है.

**न्यूज अपडेट**

### रामलाल हाथी ने 5 लोगों के घर में रखा अनाज खाया



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के गुहियापाल गांव में रामलाल हाथी ने पांच घरों को गुरुवार को प्रातः अपने भोजन के लिए निशाना बनाया. रामलाल हाथी ने कई क्विंटल धान, चावल तथा उड़द दाल खा लिया. वहीं, ग्रामीण भय के साए में अपने-अपने घरों में दुबके रहे. प्राप्त जानकारी के अनुसार रामलाल नामक जंगली हाथी ने सियाल बिंधा की तरफ से स्वर्णरेखा नदी किनारे होते हुए गुहियापाल गांव में प्रवेश किया. वहां रवि बेरा, मानस दंडपाठ, खुकू साहू, आलोक बेरा तथा भूतू उपाध्याय के घर में लोहे की कुंडी तोड़कर घर में बोरे में रखें धान, चावल व उड़द को खा गया.

### दुकान आवंटन के लिए आवेदन को रद्द की जाए : त्रिशानु



**चाईबासा।** कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद चाईबासा के द्वारा मधु बाजार में नवनिर्मित 24 दुकानों के संचालन हेतु डाक के माध्यम से आवंटन आवेदन आमंत्रित नियम एवं शर्तों में घोर अनियमितता है, जिससे आर्थिक रूप से सक्षम लोगों को लाभ पहुंचाने की मंशा से नियम एवं शर्तों को रखा गया है. ताकि आर्थिक रूप से असक्षम, अशिक्षित, बेरोजगार, जरुरतमंद लोगों को दूर रखा जा सकें. मामले पर संज्ञान लेते हुए जनहित में कांग्रेस जिला महासचिव सह सांसद प्रतिनिधि त्रिशानु राय ने गुरुवार को पश्चिम सिंहभूम जिले के उपायुक्त को पत्र लिखकर दुकान आवंटन हेतु आवेदन आमंत्रण को तत्काल रद्द करने का मांग किया है. उपायुक्त को लिखे पत्र में त्रिशानु राय ने कहा कि जो दुकान निर्माण की राशि से भी बहुत अधिक है जो न्याय संगत नहीं है.

### नदी घाट से गाजे-बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मौदा गांव अवस्थित मदन मोहन मंदिर में चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के मौके पर गुरुवार को सुबह बामडोल स्थित सुवर्णरेखा नदी से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई. जिसमें सर्वप्रथम पुजारी द्वारा पूजा कर कलश में जल भरकर सैकड़ों महिलाओं ने गांव के मंदिर तक कलश लाया गया. तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में कलश स्थापित कर महायज्ञ का आरंभ हुआ. वहीं, पूजा के पश्चात आसपास से आए हुए भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया.

### बाबा तिलका मांझी जयंती पर होंगे कई कार्यक्रम



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के एन एच 18 किनारे झरिया मोड़ अवस्थित बाबा तिलका मांझी प्रतिमा में आने वाले 11 फरवरी को उनके जन्म जयंती के अवसर पर माल्लार्पण तथा पूजा अर्चना की जाएगी. साथ ही उनके जन्म जयंती के दिन कई सारे कार्यक्रम का आयोजन होगा. जिसमें फुटबॉल प्रतियोगिता ,तीरंदाज, 1600 मीटर की दौड़ के साथ कई सारे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किए जाएंगे. इसके लिए भजराय हांसदा लक्ष्मीराम सोरेन, डूंगरम हांसदा, बलाई हेंब्रम, दिनेश बास्के, किशुन हांसदा, विधान हांसदा समेत कई ग्रामीण प्रतिमा स्थल की साफ सफाई सह आयोजन में लगे हुए हैं.

### 10 से 25 तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम



**घाटशिला।** घाटशिला अनुमंडल अस्पताल घाटशिला के सभागार में गुरुवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरएन सोरेन ने प्रेसवार्ता आयोजित कर जानकारी देते हुए कहा कि आगामी 10 फरवर से 25 फरवरी तक पूरे प्रखंड में फाइलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम चलाया जाएगा. इस अभियान के तहत घाटशिला प्रखण्ड के कुल 1,23,547 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है. दवा सेवन कार्यक्रम के तहत फाइलेरिया रोग नियंत्रण हेतु डीईसी (डाई ईथाईल कार्बजीन) एवं अलबेंडाजोल दवा खिलाया जाना है.

### ड्रॉपआउट बच्चियों के नामांकन में भागीदारी निभायें: शिक्षिका



**मझगांव।** मझगांव प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परिसर में गुरुवार को वार्डन सह शिक्षिका बबीता बिरुवा की अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र के पंचायत मुखियाओं के साथ बैठक आयोजित की गई. शिक्षिका बबीता बिरुवा ने कहा कि विद्यालय में वर्तमान सत्र पर कक्षा 6 में 75 व कक्षा 7 में 7 बच्चियों का नामांकन किया जाना है. 15 फरवरी तक बच्चियों का दस्तावेज जमा लिया जाएगा. जिसके लिए आप सभी पंचायत मुखिया अपने-अपने पंचायत क्षेत्र के असहाय गरीब, ड्रॉपआउट बच्चियों को नामांकन दिलाने में भागीदारी निभायें.

### दो जलमीनार का काम एक वर्ष से अधूरा : महेंद्र जामुदा



**चाईबासा।** आनंदपुर प्रखंड के बिंजू पंचायत के लोरपोंडा गांव के दो जल मीनार का काम विगत 1 साल से अधूरा पड़ा है. ओडेया बस्ती में सिचाई की सुविधा भी नहीं हैं. जन प्रतिनिधि क्षेत्र में भ्रमण नहीं करते हैं. जिससे गांव का विकास नहीं हो पा रहा है. नौजवान मजबूरन पलायन करने पर है. सरकार डीएमएफटी फंड से सड़क और स्कूल में अनुबंध के आधार पर क्षेत्रीय युवक युवतियों को शिक्षक के रूप में नियुक्ति करें. उक्त बातें झारखंड पार्टी के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता महेंद्र जामुदा ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीण से कहीं.

### नौ मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत



**चाईबासा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम के तत्वावधान में आगामी 9 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए तैयारियां आरंभ हो गई है. इसी क्रम में गुरुवार को प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला ने श्रम अधीक्षकों (राज्य और केंद्र), उत्पाद विभाग (एक्साइज) सहित वन विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन पर चर्चा की.

### बालिकाओं को समान महत्व नहीं दिया जाता: प्राचार्य



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के सहयोग से जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में गुरुवार को बालिकाओं के विकास पर आधारित विशेष कार्यक्रम 'इनहेनसिंग द वैल्यू ऑफ गर्ल चाईल्ड-4' का आयोजन आज किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के सम्पूर्ण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता फैलाना है. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सत्यप्रिय महालिक ने बालिकाओं के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि आज भी परिवार में बालिकाओं को समान महत्व नहीं दिया जाता.

### शाह को पराजित कर सेरसा चक्रधरपुर फाइनल में



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे आठवीं अशोक कुमार जैन जिला नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाईनल मैच में आज सेरसा चक्रधरपुर ने शाह स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी चक्रधरपुर को एक रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से पराजित कर फाईनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया. बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए गुरूवार के मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शाह स्पोर्ट्स अकादमी की पूरी टीम 34.5 ओवर में 220 रन बनाकर आल आउट हो गई.

### सुभाष चौक से गुरु नानक पब्लिक स्कूल तक मैराथन, उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

# मैराथन और प्रभात फेरी निकाल कर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

संवाददाता। रामगढ़

सड़क सुरक्षा माह के तहत में गुरुवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस क्रम में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शहर के सुभाष चौक पर नुक्कड़ नाटक किया गया. वहीं विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी प्रभात फेरी निकाली गई. उपायुक्त चंदन कुमार ने सुभाष चौक से गुरु नानक पब्लिक स्कूल तक आयोजित मैराथन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया.

उपायुक्त सहित पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी शीलवंत कुमार भट्ट सहित जिले के अन्य अधिकारियों, कर्मियों, बच्चों सहित बड़ी संख्या में जिले के लोगों ने मैराथन में भाग लिया. मैराथन के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले लोगों को पुष्प देकर उनसे हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी. मैराथन संपन्न होने के बाद गुरु नानक पब्लिक स्कूल के सभागार में सड़क सुरक्षा के तहत कार्यक्रम शुरू किया गया. उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. उपायुक्त ने कहा कि देश में हर वर्ष लगभग 3 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा देते हैं. इसलिए वाहन चलाने के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें, नशे की हालत में गाड़ी ना चलायें. बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन तथा बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन को नहीं चलाएं.


मैराथन में दौड़ते रामगढ़ डीसी चंदन कुमार, एसपी पीयूष पांडेय व अन्य.

**जागरूकता अभियान**
- नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर किया गया जागरूक
- वाहन चलाते वक्त सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें : डीसी

**विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता हुए पुरस्कृत**

इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक में हिस्सा लेने वाले युवाओं एवं सड़क सुरक्षा माह के तहत अब तक की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. इस कड़ी में पेंटिंग प्रतियोगिता में गुरु नानक पब्लिक स्कूल को प्रथम, गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ को द्वितीय, श्री कृष्ण विद्या मंदिर रामगढ़ को तृतीय स्थान तथा क्विज प्रतियोगिता में गुरु नानक पब्लिक स्कूल को प्रथम, डीएवी बरकाकाना को द्वितीय एवं राधा गोविंद पब्लिक स्कूल रामगढ़ को तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया. कुशल मंच संचालन के लिए समाजसेवी कमल किशोर बागड़िया को सम्मानित किया गया.

## उत्तरी छोटानागपुर अपडेट

### डीएवी बरकाकाना में आशीर्वचन सामारोह आयोजित

**रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना में वर्ग द्वादश के बच्चों के लिए आशीर्वचन सामारोह आयोजित किया गया. इसमें वर्ग द्वादश एवं दशम के बच्चे अपने-अपने वर्ग शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ हवन में शामिल हुए. डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य बीपी राय, डीएवी पतरातू के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा भी हवन में शामिल रहे. प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित करने के बाद वर्ग द्वादश के बच्चों से वर्ग एकादश के बच्चों को दीप का हस्तांतरण किया. बच्चों ने पूरे देश में ज्ञान को फैलाने की शपथ ली. विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आशीर्वचन गीत गाया. डॉ. उर्मिला सिंह ने कहा कि बच्चों को उन शिक्षकों को ध्यान में रखना चाहिए, जो अपना सब कुछ भूल कर उनके लिए लगे रहते हैं. मां जो सुबह उठकर बच्चों के लिए सभी प्रकार की तैयारी करती हैं, वहीं पिता, जो बच्चों के लिए हर प्रकार का कष्ट सहते हैं.

### रसोइयों के बीच प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता

**टाटीझरिया।** प्रखंड संसाधन केंद्र टाटीझरिया की ओर से मध्य विद्यालय होलंग में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें संकुल के विजेता रसोइयों ने लजीज व स्वादिष्ट भोजन बनाकर निर्णायक मंडली के समक्ष प्रस्तुत किया. भोजन में पौष्टिकता पर विशेष ध्यान दिया गया था. इस प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय खंभवा, प्राथमिक विद्यालय सिझू, प्राथमिक विद्यालय महलोनिया, मध्य विद्यालय अमनारी, मध्य विद्यालय होलंग, मध्य विद्यालय झरपो, प्राथमिक विद्यालय जोभी सिमरा की रसोइया शामिल हुईं. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रसोइया जिला स्तरीय प्रतियोगिता और फिर इसमें सफल होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे. मौके पर डीएसई संतोष गुप्ता, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, बीईओ राकेश कुमार सिंह, नवीन वर्मा, दयाल प्रसाद, सुबोध पांडेय, चंद्रभूषण मिश्रा, आशा देवी, रोहित पटेल, दीपक सिंह, डोमन महतो, प्रकाश कुमार महतो, राजेश दास, अनिल प्रकाश आदि मौजूद थे.

### हनुमत सेवा संस्थान में लक्ष्मी नरसिंह यज्ञ संपन्न

**चौपारण।** बिगहा में हनुमत सेवा संस्थान के पांचवें वार्षिक हनुमत उत्सव सह लक्ष्मी नरसिंह यज्ञ को लेकर गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं रीति-रिवाज के साथ ध्वजारोहण किया गया. इस दौरान हनुमत मंदिर, गढ़काली मंदिर, शिव मंदिर तथा गढ़वाल देवता के आह्वान के साथ पूजा-अर्चना कर महावीरी पताका फहराया गया. अयोध्या से आये यज्ञाचार्य सोमनाथ शुक्ल, सहायक पंडित सुजीत, शुभम पांडेय ने यजमान प्रेम चंद्रवंशी से सपत्नीक अनुष्ठान विधिवत पूरा कराया. संस्थान के अध्यक्ष आनंद चंद्रवंशी तथा सचिव कुमार राहुल ने बताया कि वार्षिकोत्सव को लेकर 16 मार्च से यज्ञ का आयोजन होगा. इसमें देश के प्रख्यात कथावाचक बृंदावन के अंकुश जी महाराज का आगमन होगा. मौके पर डॉ. चक्रपाणि जी महाराज, बालमुकुंद पांडेय, संजय सिंह, अशोक सिंह, छत्रधारी चंद्रवंशी, रवींद्र वर्मा, बजरंग वर्मा, राजेंद्र चंद्रवंशी, राजेश रवानी, आशीष चंद्रवंशी, सुरेश पांडेय, रामलखन सिंह, केदार यादव आदि मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### छड़वा डैम काली मंदिर में 12 से होगा महायज्ञ

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र के छड़वा डैम काली मंदिर कंचनपुर में श्री श्री 1008 श्री पंच दिवसीय वार्षिक महायज्ञ का अयोजन के लिए सारी तैयारियां जोरों पर चल रही है. श्री श्री 1008श्री पंच दिवसीय वार्षिक महायज्ञ को लेकर 12 फरवरी को कलश यात्रा, संध्या आरती और प्रसाद वितरण, 13फरवरी को प्रचंड पूजन, ब्राह्मण वरण, मंडप प्रवेश, पाठ प्रारंभ, वेदी प्रतिष्ठा पूजन, संध्या आरती प्रसाद वितरण, 14 फरवरी को बेदी पूजन, पाठ, महाआरती व प्रसाद वितरण, 15 फरवरी को वेदी पूजन, पाठ, महाआरती व प्रसाद वितरण, 16 फरवरी को देवी का षोडशोपचार पूजन, वेदी पूजन, पाठ विसर्जन, सामूहिक हवन, यज्ञ विसर्जन, कन्या व ब्राह्मण पूजन, भंडारा का आयोजन किया जाएगा.

### वन विभाग ने जब्त की लकड़ी, 2 पर प्राथमिकी

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पश्चिमी वन प्रमंडल के झरपो, अमनारी, नारायणपुर, बेडमक्का सहित अन्य गांवों में जंगल से लकड़ी काटने का सिलसिला दिनों लगातार जारी है. इसकी सूचना वन विभाग को मिल रही थी. इस आलोक में प्रभारी वनपाल विद्याभूषण ने सर्च अभियान चलाया. इस क्रम में जंगल से लकड़ी लाते हुए झरपो निवासी भुनेश्वर महतो और दिनेश्वर प्रसाद को पकड़ा गाया. वहीं, इनके बाद से बरामद लकड़ी जब्त कर हजारीबाग ले जाया गया. वनपाल विद्याभूषण ने बताया कि सर्च अभियान के दौरान दो लोग लकड़ी लाते हुए पकड़े गए हैं. दोनो के विरुद्ध न्यायलय में मामला दर्ज कराया गया है. इस अभियान में वनरक्षी गोपी पासवान, मो. नजीर हुसैन व अनिल कुमार शर्मा शामिल थे.

### बोलेरो की चपेट में आने से महिला की हुई मौत

**बड़कागांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हाहे ग्राम के लगलगवा टोला निवासी डोमन महतों की 42 वर्षीय पत्नी अशवा देवी की बोलेरो की चपेट में आने से मौत हो गई. पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया है. बताया जाता है कि महिला बाबूपाड़ा गांव स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान से अनाज का उठाव कर अपना घर हाहे जा रही थी. तभी बोलेरो को बैक करने के दौरान महिला चपेट में आ गई और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई. मामले को लेकर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि मौके से बोलेरो जब्त कर थाना लाया गया है. बोलोरो किसी मिट्ठू महतो का है. महिला की मौत से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है. गांव में मातम पसर गया है.

### केरेडारी में बढ़ा अपराध का ग्राफ, लूट, चोरी और गोलीबारी आम बात

# अपराधी मस्त, पुलिस पस्त

**ग्रामीण हलकान**
- अपराधियों पर नकेल कसने में नाकाम दिख रही पुलिस
- पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे क्षेत्र के ग्रामीण

ज्ञान पासवान। केरेडारी

प्रखंड क्षेत्र में लूट, चोरी और गोलीबारी की वारदात आम बात हो गई है. यहां अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ा हुआ है कि लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है. वहीं, क्षेत्र में आए दिन अज्ञात अपराधियों द्वारा लेवी-वसूली के लिए गोलीबारी कर दहशत फैलाने का मामला सामने आता रहता है. इतना ही नहीं बेखौफ अपराधी हत्या की वारदात को अंजाम देने से नहीं चूकते हैं.

ऐसे में केरेडारी के ग्रामीणों का पुलिस पर से विश्वास भी उठता जा रहा है. जनता द्वारा केरेडारी पुलिस की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े किए जा रहे हैं. इनलोगों का कहना है कि पुलिस अपराधियों पर नकेल कसने की बजाय बालू और कोयला से अवैध उगाही में व्यवस्त रहती है. ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस अपराधियों पर नकेल कसने में पूरी तरह से विफल है. नतीजतन, प्रखंड क्षेत्र में हत्या, चोरी व गोलीबारी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है. ग्रामीणों में पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ भारी नाराजगी व्याप्त है.






कई थानों को चिन्हित किया गया है. वैसे थानेदारों को की लिस्ट तैयार की रही है, जो काम के प्रति लापरवाही करते दिख रहे हैं और वह आज तक घटनाओं का उद्भेदन नहीं कर पाए है. जल्द ही इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी.
– अरविंद कुमार सिंह
एसपी, हजारीबाग

**केस नं. 1** 2 जनवरी को केरेडारी थाना क्षेत्र के जोको गांव में एक किशोरी का शव को कुएं में बरामद हुआ था. परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी. घटना के एक महीने से ज्यादा समय बीतने के बाद भी पुलिस आज तक कांड का उद्भेदन नहीं कर पाई है.

**केस नं. 2** 14 जनवरी की अलसुबह अपराधियों ने हथियार के बल पर पतरा कलां गांव के ठीक पहले एक ट्रैक्टर लूट कर भाग निकले. पीड़ित ट्रैक्टर मालिक ने इस संबंध में केरेडारी थाना में केस भी दर्ज कराया था, लेकिन आज तक कोई सुराग नहीं मिला है.

**केस नं. 3** 16 जनवरी की रात केरेडारी कोल परियोजना में टीपीसी उग्रवादियों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य के गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया. इस मामल में पुलिस को अब तक कोई सुराग नहीं मिला है. वहीं ग्रामीण आज भी दहशत के साये में हैं.

**केस नं. 4** 24 जनवरी की रात्रि केरेडारी थाना से महज 150 गज की दूरी में स्थित नबी मियां के घर के बाहर मुख्य पथ में खड़ी बोलेरो पिकअप को अपराधियों ने चोरी कर लिया. पुलिस आज तक अस चोरी कांड का उद्भेदन करने में असफल रही है.

**केस नं. 5** 26 जनवरी की शाम बसरिया बाजार से बेंगवरी निवासी तिलेश्वर प्रजापति व पांडू के अमेरिका राम की बाइक चोरी हो गई थी. दोनों पीड़ित वाहन मालिकों ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. आज तक चोर और बाइक का पता नहीं चल सका है.

**केस नं. 6** 27 जनवरी की रात करीब साढ़े 9 बजे डमहाबागी निवासी चरकू राम की अपाची मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी. इस संबंध में पीड़ित ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई, लेकिन आज तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है.

**क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि**

प्रमुख सुनीता देवी और सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 की शुरूआत से ही क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक वाहनों की चोरी हो चुकी है. वहीं, एक किशोरी का शव भी संदिग्ध परिस्थिति में कुएं से बरामद हुआ था. लेकिन, पुलिस कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करती है.

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की वारदात थमने का नाम ही नहीं ले रही है. एक महीने में आधा दर्जन से अधिक बाइकरी हो चुकी है. बीती रात दो वेल्डिंग दुकानों से लोहा चोरी कर चोर उड़ा ले गए. अब तक किसी भी मामले में पुलिस के हत्थे एक भी चोर नहीं चढ़ पाया है.

### मोबिलाइजेशन कैंप में 13 ट्रेडों के लिए प्रशिक्षण

**रामगढ़।** पतरातू प्रखंड मुख्यालय के सभागार में गुरुवार को जेएसएलपीएस की ओर से एकदिवसीय यूथ मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन हुआ. कैंप का उद्देश्य 18 से 35 वर्षके युवक और युवतियों को विभिन्न ट्रेड मेंट्रेनिंग कराना था. इस कार्यशाला में इलेक्ट्रिशियन, मोबाइल रिपेयरिंग, सिलाई, ब्यूटीशियन आदि 13 ट्रेड के ट्रेनिंग के बारे में बताया गया. इस क्रम में जानकारी दी गई कि इन सभी ट्रेडों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा. कैंप का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता और अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.

### पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# योजना के लाभ से शिल्पकार अवगत

संवाददाता। हजारीबाग

जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. नगर भवन में मुख्य अतिथि इंद्रजीत यादव, आईईडीएस, संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख, एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची एवं विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. कार्यक्रम की संयोजक ज्योत्सना गुड़िया, सहायक निदेशक ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया.

सहायक निदेशक ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूपरेखा से अवगत कराते हुए बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक विधाओं में कार्य करने वाले कारीगर और शिल्पकार शामिल हैं. इस योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को 5-7 दिन का प्रशिक्षण एवं 500 रुपये प्रतिदिन की दर से स्टाइपन राशि दी जीएगी. वहीं, प्रशिक्षण उपरांत टूल किट हेतु 15 हजार रुपए ई-वाउचर के रूप में प्राप्त होंगे. प्रथम चरण में एक लाख रुपये तक का ऋण तथा द्वितीय चरण में दो लाख रुपए तक का कोलेट्रल फ्री ऋण (5 प्रतिशत ब्याज की दर से) की व्यवस्था की गई है.

मुख्य अतिथि इंद्रजीत यादव, आईईडीएस, संयुक्त निदेशक ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना को प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता एवं उन्नत उपकरण प्रदान करते हुए उनके व्यवसाय में बढ़ोतरी कराना है. उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने में सभी को मिल कर प्रयास करने की आवश्यकता है. उन्होंने सभा में उपस्थित कारीगरों और शिल्पकारों से इस योजना का लाभ लेने हेतु ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंजीकरण कराने का आह्वान किया. कार्यक्रम में सीएससी की ओर से ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों का पंजीयन कराया.



### बिना पॉलिसी खरीदे एसबीआई इंश्योरेंस के नाम पर कट गए पैसे

# एसबीआई बैंक खाते से अवैध निकासी

संवाददाता। हजारीबाग

**खाताधारी परेशान**
- बैंक व इंश्योरेंस कार्यालय से नहीं मिला संतोषजनक जवाब
- पीड़ित ने शाखा प्रबंधक के खिलाफ थाने में की शिकायत

कटकमसांडी प्रखंड स्थित कंडसार एसबीआई शाखा में एक खाताधारी के बैंक खाते से पैसे की अवैध निकाली का मामला सामने आया है. पीड़ित बरगडा निवासी उमाकांत शर्मा के खाते से एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के नाम पर पैसे की निकासी हुई है. इसे लेकर बैंक शाखा और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कार्यालय का चक्कर काटते-काटते थक गए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई.

आखिरकार, थक-हार कर उन्हें कानून का सहारा लेना पड़ा. उन्होंने गुरुवार को कटकमसांडी थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया उमाकांत शर्मा ने कहा कि एसबीआई कंडसार शाखा में उनका खाता है. आठ फरवरी को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के नाम पर खाते से 5752.50 रुपये कटने का उनके मोबाइल पर मैसेज आया, तो बैंक और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कार्यालय पहुंचे और इसकी जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन वहां से किसी प्रकार का संतोषजनक जबाब नहीं मिला. खाताधारी का कहना है कि ने उन्होंने कभी भी एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की कोई पॉलिसी ली ही नहीं है. उन्होंने कंडसार एसबीआई शाखा प्रबंधक और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के शाखा प्रबंधक पर मिलीभगत कर उनके खाते से अवैध निकासी करने का आरोप लगाया है.

**दोनों शाखा प्रबंधकों ने दी अपनी-अपनी सफाई**

एसबीआई कंडसार शाखा के शाखा प्रबंधक जय प्रकाश नारायण से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ग्राहक के खाता से अवैध पैसा निकासी की जांच की जा रही है. इस संबंध में एसबीआई इंश्योरेंस कंपनी से भी बात की जा रही है. एक सप्ताह के अंदर पैसा रिकवर करने का प्रयास किया जा रहा है. दूसरी ओर एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस के हजारीबाग शाखा के सहायक प्रबंधक पंकज कुमार ने बताया कि उनके कार्यालय से संबंधित ग्राहक की कोई पॉलिसी नहीं हुई है. पैसा एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस कंपनी के नाम से कटा जरूर है, पर कंपनी के खाता में कोई पैसा नहीं आया है.

### अलग-अलग हादसे में महिला व बच्चे की मौत

**कोडरमा।** थाना के पीछे राजा तालाब में गुरुवार सुबह तालाब में डूबने से एक महिला की मौत हो गई. मृतका की पहचान रूबी देवी (47) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार पैर फिसलने के कारण महिला तालाब में डूब गई. घटना के बाद आसपास के लोगों ने पहुंच कर शव को बाहर निकाला. सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम ने बताया कि मामले की जांच चल रही है. दूसरी ओर जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत चिलोडीह में घर के बाहर खेल रहा एक डेढ़ वर्षीय बच्चा तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के नीचे आ गया. घटना में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया. बच्चे को परिजन सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. बच्चे की पहचान बरही निवासी राजू रविदास के पुत्र के अभय कुमार (डेढ़ वर्ष) के रूप में हुई है. बच्चे के पिता ने बताया कि उनका पुत्र 15 दिन पहले अपने नानी घर चंदवारा के चिलोडीह आया था.

# हजारीबाग किड्स स्कूल का उद्घाटन

**काटा फीता**
- विधायक मनीष जायसवाल ने संचालक को दी बधाई
- कहा– किसी क्षेत्र में शिक्षण संस्थान का उदय स्वागतयोग्य

संवाददाता। हजारीबाग

सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गुरुवार को सदर प्रखंड क्षेत्र के मंडई खुर्द स्थित निजी आईटीआई परिसर में हजारीबाग किड्स स्कूल का फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया. मौके पर विधायक ने कहा कि शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है. अज्ञानता रूपी अंधकार को मिटाने के लिए ज्ञान रूपी प्रकाश की नितांत आवश्यकता है.

उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे शैक्षणिक संस्थान ग्रामीण परिवेश के बच्चों को शिक्षित करने में बेहद कारगर साबित होते हैं. विधायक जायसवाल ने हजारीबाग किड्स स्कूल के संचालक समूह को बधाई देते हुए संस्थान के उज्जवल भविष्य की कामना की. साथ ही उपस्थित मंडई खुर्द ग्राम वासियों से कहा कि शैक्षणिक संस्थान का किसी भी क्षेत्र में उदय होना स्वागतयोग्य कदम है. स्कूल के संचालक अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि यहां कक्षा नर्सरी से पंचम तक की पढ़ाई अनुभवी शिक्षकों और मार्गदर्शकों की टीम द्वारा कराई जाएगी.

**मंडई खुर्द क्षेत्र की तस्वीर बदली : मनीष जायसवाल**




स्कूल के उद्घाटन के अवसर पर सदर विधायक मनीष जायसवाल मुखातिब ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार उनके कार्यकाल में मंडई खुर्द क्षेत्र की तस्वीर बदली है. यहां की लाइफलाइन सड़क का गुणवत्ता निर्माण हुआ है. उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया की जल्द ही मंडई खुर्द में करीब डेढ़ करोड़ की लागत से नाली का निर्माण होने वाला है, जिसका टेंडर भी हो गया है. वहीं, मंडई खुर्द तालाब में श्मशान शेड का निर्माण विधायक निधि से होगा. साथ ही तालाब में गार्डवाल एवं छठ घाट का निर्माण भी जल्द होगा.

**मायूसी**

### शिक्षकों की लापरवाही के कारण केरेडारी के चार विद्यार्थियों का जारी नहीं हो पाया एडमिट कार्ड

# बेटी परीक्षा देने से वंचित, मां ने की आत्महत्या की कोशिश

संवाददाता। केरेडारी

थाना क्षेत्र के पेटो गांव से एक महिला द्वारा आत्महत्या की कोशिश करने का मामला सामने आया है. इसके पीछे की वजह काफी गंभीर है. दरअसल, एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय, केरेडारी के चार विद्यार्थी शिक्षकों की घोर लापरवाही के कारण मैट्रिक परीक्षा देने से वंचित हो गए. इससे आहत होकर पेटो गांव की छात्रा श्वेता कुमारी की मां सुबंति देवी ने अपने घर में ही फांसी लगा कर आत्महत्या करने प्रयास किया गया.

गनीमत रही कि समय रहते परिजनों ने महिला को देख लिया और महिला को रोकने में कामयाब हो पाए. सुगंती देवी ने विद्यालय के शिक्षकों पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमलोगों ने मेहनत मजदूरी कर अपनी बच्ची को पढ़ाया है. गांव के सभी बच्चे मैट्रिक की परीक्षा दे रहे हैं, लेकिन हमारी बच्ची घर में बंद होकर रो रही है. उसने वार्षिक परीक्षा में भाग लेने के लिए विद्याद्यय में फॉर्म भी जमा किया था, लेकिन शिक्षकों के घोर लापरवाही के कारण चार विद्यार्थियों के आवेदन झारखंड माध्यमिक बोर्ड, रांची के साइट पर ऑनलाइन पंजीकरण नहीं किया गया. अब ये सभी चार विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में भाग लेने से वंचित रह गए. प्लस टू उच्च विद्यालय केरेडारी के प्रधानाध्यापक राकेश पंडित ने बताया कि एडमिट कार्ड जारी नहीं को लेकर सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है.




**परिजन आहत**
- समय रहते महिला को रोकने में कामयाब रहे परिजन
- एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों का मामला

### जमीन विवाद में मारपीट, 8 को किया नामजद



**चौपारण।** प्रखंड के बच्छई गांव में जमीन विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है. इस संबंध में रामचंद्र राणा की पत्नी ने गांव के ही 8 नामजद लोगों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए चौपारण थाना में आवेदन दिया है. आवेदन के अनुसार उसके पति के हिस्से की जमीन पर कपिल राणा जबरन घर का निर्माण करवा रहा था. जबकि, उक्त जमीन पर कोर्ट द्वारा 144 लागू है. उसने बताया कि 6 फरवरी को सुबह 10 बजे जब वह मना करने गई, तो धमकी देने लगा. विरोध करने पर कपिल राणा ने गाली गलौज करते हुए गला दबाने की कोशिश की. फिर कुछ और लोग पहुंच गए और घसीट-घसीट कर कर मारने लगे. शोर मचाने पर बहु और पोता बचाने आए, तो उन दोनों के साथ भी मारपीट की. महिला ने कपिल राणा के साथ शुभम राणा, बिल्टू राणा, वसुंधरा देवी, उषा देवी पति, रुक्मिणी देवी, चंपा देवी, सविता देवी, संगीता देवी को नामजद आरोपी बनाया है.

# पकरी बरवाडीह जीएम से मिले बड़कागांव के नये एसडीपीओ

संवाददाता। हजारीबाग

**औपचारिक मुलाकात**
- बेहतर समन्वय और परस्पर सहयोग को लेकर हुई वार्ता
- एसडीपीओ कुलदीप कुमार का पौधा देकर किया स्वागत

बड़कागांव के नवनियुक्त एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक नीरज जलोटा से औपचारिक मुलाकात की. सीकरी स्थित कार्यालय परिसर में परियोजना प्रमुख ने पौधा देकर एसडीपीओ का स्वागत किया. पदभार लेने के बाद नए एसडीपीओ कुलदीप कुमार एनटीपीसी के कार्यालय में पहली बार पहुंचे थे.

एनटीपीसी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बेहतर समन्वय और परस्पर सहयोग के लिए उनसे बातचीत की. एनटीपीसी द्वारा उम्मीद जताई गई कि पूर्व की भांति आगे भी एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन का परस्पर सहयोग मिलता रहेगा. परियोजना प्रमुख से मुलाकात के दौरान एसडीपीओ के साथ बड़कागांव इंस्पेक्टर अनिल कुमार, मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना मौजूद रहे. उक्त आशय की जानकारी एनटीपीसी के पीआरओ दिलीप ठाकुर ने दी.

## ब्रीफ खबरें

### फांसी से लटकाया हुआ युवक का मिला शव

**अररिया ।** फारबिसगंज के ढोलबज्जा में एनएच 57 फोरलेन सड़क के बगल में गुरुवार को भारत पेट्रोल पंप के सामने चहारदीवारी के अंदर फांसी से लटका हुआ 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला. शव के बाएं तरफ सिर पर गहरे जख्म के निशान हैं. शव को देने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बदमाशों ने मारपीट और हत्या करने के बाद गले में रस्सी बांधकर दीवार में लगे सरिया से लटका दिया. जलावन चुनने के लिए गए बच्चों ने जब दिवाल के सरिया में रस्सी के सहारे लटका शव देखा.

### ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत, हंगामा

**अररिया ।** अररिया के बथनाहा स्थित न्यू रेज हॉस्पिटल में एक मरीज की मौत पर परिजनों ने गुरुवार को जमकर हंगामा किया. मृतका बथनाहा वार्ड संख्या 25 के रहने वाले शंभू दास की पत्नी सुनीता देवी है. मृतका को एक लड़का और एक लड़की है. बुधवार रात महिला का लिकोरिया का ऑपरेशन हुआ था, जिसके बाद स्थिति बिगड़ती चली गई और महिला की मौत हो गई. मृतका के मौत के बाद परिजनों के सुबह में अस्पताल पहुंचने के बाद अस्पताल के गेट को बंद कर दिया गया. जिसको लेकर परिजनों ने हंगामा मचाया. परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने गलत ऑपरेशन कर मरीज की जान ले ली.

### विषाक्त भोजन से 5 बीमार, अस्पताल में भर्ती

**नवादा ।** नवादा में बुधवार की देर रात फूड पॉइजनिंग के पांच लोग शिकार हो गए हैं. सभी लोगों को नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चार लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है. बुंदेलखंड थाना क्षेत्र के मोगलाखर मोहल्ले में रात को सभी लोग भोजन करके सो गए थे और अचानक देर रात बारह बजे के करीब लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी और बच्चे को चक्कर आने लगा और जमीन पर गिरने लगे. बताया जाता है कि अंडा खाने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ी है. परिवार के लोगों ने तुरंत सभी लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया.

## बिहार में पॉलिटिकल ड्रामा चरम पर

# सरकार में खेला नहीं विकास का रेला होगा : प्रभाकर मिश्र

- सारे कांग्रेसी विधायक हैदराबाद शिफ्ट
- महत्वपूर्ण है 12 को होगा विधानसभा में फ्लोर टेस्ट

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र । पटना**

बिहार का पॉलिटिकल ड्रामा चरम पर है. 12 फरवरी को नीतीश सरकार को बहुमत साबित करना है. विधान सभा अध्यक्ष के भविष्य का भी फैसला होगा. वर्तमान अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी रहेंगे या जाएंगे उसी दिन फ्लोर पर फैसला होगा. लगभग सभी दलों के नेता एक-दूसरे दल के विधायकों दर्जनाधिक विधायकों को आने-अपने करीब होने का दावा कर रहे हैं. सर्वाधिक खतरा कांग्रेस को है. इसके विधायक यदि टूटे तो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के समाप्त हो रहे राज्यसभा के कार्यकाल के बाद होने वाले चुनाव पर भी पड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है. बताते हैं इन्ही सब कारणों से बिहार के कांग्रेसी विधायकों को कड़ी निगरानी में हैदराबाद में रखा गया है.

इस संबंध में जब यह सवाल किया गया कि पॉलिटिकल गलियारों में यह चर्चा है कि जदयू की कांग्रेस पर नजर है अखिलेश सिंह ने कहा कि हम लोगों की भी नजर जदयू पर है अब तो 12 तारीख को ही पता चलेगा कि क्या खेल होगा. उस दिन दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार अपनी पारी खेल चुके हैं. नीतीश जी अब इतिहास हो गए. 12 तारीख को आप लोग ही खुद यह चीज कहिएगा और हमको याद कीजिएगा. बाकी क्या होगा और नहीं होगा इस पर कुछ नहीं कहना है.

### छह राज्यसभा सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

## 27 फरवरी को मतदान और मतगणना

**पटना ।** बिहार की छह राज्यसभा सीट पर चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी. इन छह सीटों पर सांसदों का कार्यकाल अगले महीने समाप्त हो रहा है. इनमें वशिष्ठ नारायण सिंह व अनिल हेगड़े (जदयू), सुशील मोदी (भाजपा), मनोज कुमार झा व अशफाक करीम (राजद) और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह शामिल हैं. राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है. नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 15 फरवरी को समाप्त हो जायेगी. मतदान 27 फरवरी को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगा. जबकि मतगणना उसी दिन शाम पांच बजे से होगी.

**छह में से तीन सीट राजग और तीन सीट 'महागठबंधन' के पास** : छह राज्यसभा सीटों में से तीन सीट सत्तारूढ़ राजग और तीन 'महागठबंधन' के पास है. जदयू अध्यक्ष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाल ही में पाला बदला है. ऐसे में 'महागठबंधन' फिलहाल राज्य में विपक्ष की भूमिका में है. भाजपा नीत राजग के तीन उम्मीदवार आसानी से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो सकते हैं. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी इस बार दो उम्मीदवार मैदान में उतारेगी. जबकि सहयोगी जदयू को एक सीट जीतने में मदद करेगी.

### फ्लोर टेस्ट के पहले राजद का गेम

दूसरी ओर राजद के मुखर विधायक भाई वीरेंद्र ने दावा किया कि 12 फरवरी को जो होगा उसको पूरा बिहार देखेगा. इस संबंध में प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रभाकर मिश्र ने कहा कि जो बिहार में विकास नहीं चाहते, बिहार को सिर्फ सियासी तमाशा की जगह बनाना चाहते हैं. वही लोग इस तरह की बात बोलते हैं. बिहार में अब कोई खेला नहीं होगा. एनडीए की सरकार में खेला नहीं, मेला होगा. रोजगार का मेला. समृद्ध बिहार के उत्सव का मेला. तरक्की और तालीम का मेला. मिश्र के मुताबिक बिहार में एनडीए की सरकार मजबूत है. फिर भी बिहार के विकास की मुख्यधारा में अगर कोई भागीदार बनने के लिए एनडीए या भाजपा से जुड़ना चाहते हैं, तो उनका तहेदिल से स्वागत है, चाहे वे किसी दल के हों. एनडीए का एक ही लक्ष्य है, बिहार का तीव्र गति से विकास और उसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में एनडीए प्रतिबद्ध है. बिहार में खेला नहीं, विकास का रेला होगा.

### 51 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अररिया ।** जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र के जिमराही गांव के समीप बुधवार देर रात गश्ती कर रही एसएसबी के जवानों ने एक तस्कर को 51 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया. एसएसबी 56वीं वाहिनी के फुलकाहा बी समवाय कंपनी के अधीनस्थ पथरदेवा कैंप के जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की. वहीं रात में अंधेरे का लाभ उठाकर दो तस्कर मक्के के खेत से होकर भागने में सफल रहे. कार्रवाई रात के डेढ़ बजे के करीब की गई. जब्त गांजा और हिरासत में लिए गए तस्कर को एसएसबी का पथरदेवा कैंप लाया गया.

### श्रवण कुमार बोले-

## कुछ लोग हमारे विधायकों के पास भेज रहे हैं ठेकेदार

**संवाददाता । पटना**

मंत्री श्रवण कुमार ने गुरुवार को कहा कि कुछ लोग हमारे विधायकों के पास



ठेकेदार भेज रहे हैं. प्रलोभन दे रहे हैं. उन्हें पाला बदलने के लिए कहा जा रहा है. उनसे कोई फायदा होने वाला नहीं है. हमारे विधायक सभी मामले की जानकारी हम लोगों को दे रहे हैं. सभी विधायकों को 5:00 बजे शाम में 11 तारीख को बुलाया गया है और मीटिंग में जो सीएम नीतीश कुमार का निर्देश होगा उसे पर वह अमल करेंगे. कुमार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए विरोधियों पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि अब उनके पास कुछ बचा ही नहीं है. उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हमारा तो कुछ नहीं होगा, लेकिन उनका भविष्य खराब ही होने वाला है. खबर फैलाई जा रही है कि जेडीयू के कई विधायक लापता हैं और उनका मोबाइल बंद है. इसमें कोई सच्चाई नहीं है.

### राजनीति में सब सामान्य बात है : प्रशांत किशोर

**पटना।** चुनावी रणनीतिकार और जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अगर जीतन राम मांझी की पार्टी है, तो वो ये देख रहे हैं कि हमें एक सीट कहां मिल जाएगी. महागठबंधन से मिल जाएगी तो वह महागठबंधन में रहे. बीजेपी से मिल जाएगी तो बीजेपी में चले जाएंगे. यही हाल उपेंद्र कुशवाहा का भी है, जिसने भी उनको दो टिकट दे दिया, वह उसी साइड चले जाएंगे. लोजपा पार्टी भी दो धड़ों में है, कौन रहता है, क्या होता है ये उनका इंटरनल मैटर है और राजनीति में सामान्य बात है. लोकतंत्र में, चुनावी राजनीति में ये सब होते रहता है.

### कर चोरी और मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

## उर्मिला इन्फोटेक पर इनकम टैक्स की रेड

**संवाददाता । पटना**

कर चोरी सहित मनी लॉन्ड्री मामले में राजधानी पटना में गुरुवार सुबह इनकम टैक्स की टीम ने छापेमारी की है. आयकर विभाग की टीम ने उर्मिला इन्फोटेक के 10 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है. उर्मिला इन्फोटेक बिहार सरकार के अलग-अलग विभागों में बेल्ट्रॉन के माध्यम से डाटा एंट्री ऑपरेटर और अन्य कर्मचारी मुहैया कराती है. पटना में उर्मिला इंफोटेक के मालिक अविनाश कुमार सिंह के ठिकानों पर आयकर की टीम पहुंच गयी और



सुरक्षाकर्मियों ने दो ठिकानों की घेराबंदी की. अविनाश कुमार सिंह के खाजपुरा स्थित आवास में एक टीम पहुंची जबकि दूसरी टीम पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित टेक्नोलॉजी पार्क में उनके कार्यालय पहुंची और एक साथ दोनों जगह छापेमारी शुरू कर दी.

**आयकर विभाग की टीम ने उर्मिला इन्फोटेक के 10 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है**

जानकारी के मुताबिक करोड़ों की कर चोरी को लेकर इनकम टैक्स की ये कार्रवाई हुई है. ब्लैक मनी का इंवेस्टमेंट सहित कई बड़े राजनेता से संपर्क और एक पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी का बेटा भी इस फर्म में बिजनेस पार्टनर है. इनकम टैक्स की इस रेड के मामले में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है.

### 61 हजार जाली नेपाली नोट के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** रक्सौल में जाली भारतीय नोट बरामद होने के बाद अब पड़ोसी देश नेपाल के जीतपुर सिमरा उपमहानगर पालिका-7 जीतपुर बाजार से 61 हजार जाली नेपाली नोट के साथ एक आरोपी को पकड़ा गया है. बरामद सभी नोट एक हजार की शक्ल में 61 पीस था. गिरफ्तार आरोपी की पहचान नेपाल के सर्लाही जिला के चंद्रनगर नगरपालिका निवासी 44 वर्षीय रामचंद्र महतो के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार आरोपी प्रभु साह कलवार के किराना दुकान से नकली नोट से समान खरीदने का प्रयास कर रहा था. इसी बीच उक्त दुकानदार ने इसकी सूचना नेपाल पुलिस को दे दी. जिसके बाद उसको हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उसके पास एक एक हजार के 61 नोट बरामद किया गया.

### दरभंगा-सहरसा मार्ग पर सड़क दुघर्टना

## बाइक और हाइवा में भीषण टक्कर, तीन लोगों की मौत

**संवाददाता । पटना**

बरगांव ओपी थाना क्षेत्र के दरभंगा-सहरसा मुख्य मार्ग एसएच-17 स्थित बजरंग चौक पर बुधवार देर रात हाइवा और बाइक की टक्कर में दो लोगों की मौत घटनास्थल पर हो गई. जबकि एक युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई.

मृतक की पहचान आसी गांव के निवासी मो. बदरूल के 20 वर्षीय पुत्र मो. अनवर और मो अंसार के 27 वर्षीय पुत्र मो. अंजर के रूप में हुई है. अस्पताल में दम तोड़ने वाले तीसरे युवक की पहचान मो. मोतिम के 17 वर्षीय बेटे मोहमद फरहान के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि बदरूल अपने दो दोस्तों के साथ एक बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल कोठराम से अपने गांव आसी लौट रहा था. उसी क्रम में बजरंग चौक पर रात्रि करीब 9 बजे मिट्टी खाली कर सुपौल से कमला तटबंध की तरफ जा रहे हाइवा ने ठोकर मार दी. हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया. जिसे स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी. मौके पर एसडीपीओ मनीष चंद्र चौधरी ने उग्र ग्रामीणों को समझाया और मुआवजा की घोषणा के बाद लोग शांत हुए.

### गोपालगंज में लगी भीषण आग

## जिंदा जले चार लोग, बच्ची की हुई मौत, मां-बेटा रेफर

**संवाददाता । गोपालगंज**

गोपालगंज में शादी के अगले दिन गुरुवार को महादलित बस्ती में आग लगी है. भीषण आगलगी में एक बच्ची जिंदा जल गई, जबकि मां-बेटा समेत तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए. घटना कटैया थाना क्षेत्र के वार्ड-10 में महादलित बस्ती की है. मृतक बच्ची की पहचान उपेंद्र राम की पुत्री आठ वर्षीय काजल कुमारी के रूप में हुई है. वहीं, आगलगी में उपेंद्र राम की पत्नी ललिता देवी, 10 वर्षीय पुत्र मोनू कुमार और डेढ़ साल की बच्ची आरुषी कुमारी गंभीर रूप से झुलस गई, जिसे स्थानीय अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया है. बताया जाता है कि उपेंद्र राम के घर बीरेंद्र राम की शादी थी. छह फरवरी को गहनी चकिया में आयोजित सामूहिक शादी-समारोह में पूरा परिवार गया हुआ था. शादी-समारोह से लौटने के बाद सात फरवरी की रात परिवार के सभी सदस्य खाना बनाने के बाद खा-पीकर सोने चले गए.

### हरमंदिर गुरुद्वारे में मिट्टी धंसने से कई मजदूर दबे

**पटना।** पटना सिटी के तख्त श्री हरमंदिर गुरुद्वारा में नए लंगर हॉल के निर्माण कार्य के दौरान अचानक मिट्टी धंसने से कई मजदूर उसमें दब गए. सूचना मिलते ही पूरे तख्त श्री हरमंदिर गुरुद्वारे में अफरा-तफरी का माहौल मच गया. हादसे की सूचना पर मौके पर प्रबंधन कमेटी ने स्थानीय थाना पुलिस की मदद से मिट्टी के अंदर दबे एक मजदूर को बाहर निकाल लिया है. गंभीर हालत में मजदूर को इलाज के लिए पटना सिटी के गुरु गोविंद सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है. वहीं, मिट्टी में दबे अन्य मजदूरों को निकालने के लिए प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है.

## कारोबार

### जोमैटो को 138 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

**नयी दिल्ली।** खाने-पीने के सामान की ऑनलाइन आपूर्ति करने वाले मंच जोमैटो लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में 138 करोड़ रुपये रहा है. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 347 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ था. जोमैटो लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी एकीकृत परिचालन आय आलोच्य तिमाही में 3,288 करोड़ रुपये रही है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,948 करोड़ रुपये रही थी.

### पावर फाइनेंस कॉ. का शुद्ध लाभ बढ़ा

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) का एकीकृत शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत उछाल के साथ 6,294.44 करोड़ रुपये रहा है. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 5,241.10 करोड़ रुपये का एकीकृत मुनाफा कमाया था. पीएफसी लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि आलोच्य तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 23,593.40 करोड़ रुपये रही थी.

### पेटीएम का शेयर 10 प्रतिशत गिरा

**नयी दिल्ली।** पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड का शेयर दो दिन चढ़ने के बाद बृहस्पतिवार को 10 प्रतिशत गिर गया. बीएसई पर कंपनी का शेयर अच्छी शुरुआत के बावजूद 9.99 प्रतिशत गिरकर 446.65 रुपये पर बंद हुआ, जो इसका निचला सर्किट स्तर है. कंपनी का बाजार मूल्यांकन 3,153.18 करोड़ रुपये घटकर 28,394.44 करोड़ रुपये रह गया है. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 9.99 प्रतिशत टूटकर 496.25 रुपये पर आ गया. कारोबार की मात्रा के संदर्भ में, दिन के दौरान बीएसई पर कंपनी के 22.79 लाख शेयरों और एनएसई पर 2.12 करोड़ से अधिक शेयरों का कारोबार हुआ.

### सस्ती ईएमआई के लिए अभी करना होगा इंतजार

## आरबीआई ने 6वीं बार रेपो रेट को 6.50% पर बरकरार रखा

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक गुरुवार को समाप्त हो गयी. जो 6 फरवरी को शुरू हुई थी. बैठक के बाद आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मॉनिटरी पॉलिसी रेट की घोषणा की. उन्होंने लगातार छठी बार रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा. इस फैसले के बाद आने वाले दिनों में होम और कार लोन की ईएमआई में कोई कमी नहीं आयेगी. अगर रेपो रेट कम होता तो लोगों को कम ईएमआई देनी पड़ती.

**बैंक रेट में भी कोई बदलाव नहीं :** केंद्रीय बैंक ने स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी रेट को भी 6.25 फीसदी पर बरकरार रखा है. इसके अलावा आरबीआई ने मार्जिनल पॉलिसी फैसिलिटी रेट और बैंक रेट में भी कोई बदलाव नहीं किया है. यह 6.75 फीसदी पर बरकरार है. दास ने 2024 में वैश्विक वृद्धि दर के स्थिर रहने का अनुमान जताया है. आरबीआई ने महंगाई के अनुमानित आंकड़े भी जारी किये हैं. एमपीसी मुद्रास्फीति चार प्रतिशत रहने का अनुमान है. दास ने आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार 2024-25 में भी जारी रहने की उम्मीद जतायी है. रिजर्व बैंक का अनुमान, अगले वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर (जीडीपी ग्रोथ रेट) सात प्रतिशत रहेगी. इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति के 5.4 प्रतिशत पर रहने की उम्मीद है. वहीं खुदरा मुद्रास्फीति 2024-25 के लिए 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है.

**विदेशी मुद्रा भंडार 622.5 अरब डॉलर पर पहुंचा :** आरबीआई के अनुसार, विदेश से भेजे जाने वाले धन के मामले में भारत सबसे आगे रहेगा. वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारत का सेवा निर्यात मजबूत रहा. भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 622.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया है. इतना भंडार सभी विदेशी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है. वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय रुपये में सबसे कम उतार-चढ़ाव देखा गया. विनिमय दर भी काफी स्थिर बनी हुई है.



### फरवरी 2023 के बाद नहीं किया इजाफा

बता दें कि 8 फरवरी के बाद आरबीआई ने रेपो रेट में इजाफा नहीं किया है. 4 मई 2022 को आरबीआई ने अचानक ब्याज दरों में बदलाव करने का ऐलान किया था. शक्तिकांत दास ने रेपो रेट को 40 बेसिस पाइंट बढ़ाकर 4.40 फीसदी कर दिया था. फिर जून में रेपो रेट में 50 बेसिस पाइंट का इजाफा किया गया. जिसके बाद रेपो रेट 4.40 फीसदी से बढ़कर 4.90 फीसदी हो गया था. रिजर्व बैंक ने 5 अगस्त को रेपो रेट में 50 बेसिस पाइंट बढ़ाकर 5.40 फीसदी कर दिया था. वहीं, 30 सितंबर को रेपो रेट 50 बेसिस पाइंट बढ़कर 5.90 फीसदी हो गया. वहीं, 7 दिसंबर को आरबीआई ने रेपो रेट 35 बेसिस पाइंट बढ़ाकर 6.25 फीसदी कर दिया.

### देश की अर्थव्यवस्था में दिख रही है मजबूती

शक्तिकांत दास ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अनिश्चतता के बीच देश की अर्थव्यवस्था मजबूती दिख रही है, एक तरफ आर्थिक वृद्धि बढ़ रही है, दूसरी ओर मुद्रास्फीति में कमी आयी है. मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मुद्रास्फीति को काबू में रखने और आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए उदार रुख को वापस लेने का रुख बरकरार रखा है. वृद्धि की गति तेज हो रही है और यह अधिकतर विश्लेषकों के अनुमानों से आगे निकल रही है. गवर्नर ने कहा कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में अनिश्चितता का मुख्य मुद्रास्फीति पर प्रभाव जारी है. कहा कि अंतरिम बजट के अनुसार सरकार राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चल रही है.

### क्या होता है रेपो रेट

रेपो रेट वह दर होती है जिस पर आरबीआई बैंकों को कर्ज देता है, जबकि रिवर्स रेपो रेट उस दर को कहते हैं जिस दर पर आरबीआई बैंकों को पैसा रखने पर ब्याज देती है. रेपो रेट के कम होने से लोन की ईएमआई घट जाती है, जबकि रेपो रेट में बढ़ोतरी से सभी तरह के लोन महंगे हो जाते हैं. अगर आरबीआई रेपो रेट बढ़ाता है तो कर्ज लेना महंगा हो जाता है. क्योंकि बैंकों की बोरोइंग कॉस्ट बढ़ जाती है. इसका असर बैंक के ग्राहकों पर पड़ेगा. होम लोन के अलावा ऑटो लोन और अन्य लोन भी महंगे हो जाते हैं. जिसके कारण लोगों को पहले की तुलना में ज्यादा ईएमआई देनी पड़ती है. दूसरी तरफ रेपो रेट घटाने से आम जनता पर ईएमआई का बोझ कम होता है.

### गौतम अडाणी

## दुनिया के सबसे अमीर शख्स की सूची में 12वें पायदान पर

- ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स की सूची में फिर 12वें पायदान पर पहुंचे गौतम अडाणी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अडाणी समूह के प्रमुख अरबपति कारोबारी गौतम अडाणी की संपत्ति एक बार फिर 100 अरब डॉलर के पार पहुंच गई है. हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद इस क्लब में लौटने में अडाणी को एक साल का वक्त लगा. समूह के शेयरों में आई गिरावट से उबरते हुए उन्होंने एक बार फिर यह मुकाम हासिल किया है. ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स की गुरुवार को जारी सूची के मुताबिक गौतम अडाणी की नेटवर्थ 2.73 अरब डॉलर बढ़कर 101 अरब डॉलर (8.38 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गई है. इसके साथ ही वे इस सूची में 12वें पायदान पर पहुंच गए हैं. अडाणी के अलावा इस सूची के टॉप-15 में शामिल



रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी 11वें नंबर पर हैं. सूची के मुताबिक भारत के सबसे अमीर मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 1.01 अरब डॉलर बढ़कर 108 अरब डॉलर (8.96 लाख करोड़ रुपये) हो गई है. इस सूची में 205 अरब डॉलर (17.01 लाख करोड़ रुपये) की नेटवर्थ के साथ एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर शख्स हैं. मस्क के बाद 196 अरब डॉलर (16.01 लाख करोड़ रुपये) की नेटवर्थ के साथ जेफ बेजोस दूसरे और 186 अरब डॉलर (15.43 लाख करोड़ रुपये) की संपत्ति के साथ बर्नार्ड अरनॉल्ट तीसरे पायदान पर मौजूद हैं.

## ओएनडीसी पर विक्रेताओं की संख्या बढ़ने की उम्मीद कायम

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

आने वाले साल में सरकार-समर्थित ऑनलाइन कारोबार मंच ''ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स'' (ओएनडीसी) पर विक्रेताओं की संख्या कई गुना बढ़ने की उम्मीद है. ओएनडीसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) थम्पी कोशी ने बृहस्पतिवार को यह बात कही. उन्होंने कहा कि इस समय ओएनडीसी पर लगभग तीन लाख विक्रेता मौजूद हैं. उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा, हमने पिछले साल जनवरी में 600 विक्रेताओं के साथ मंच की शुरुआत की थी. इस समय यहां लगभग तीन लाख विक्रेता हैं. हमें उम्मीद है कि आने वाले साल में यह कई गुना बढ़ जाएगा. मुझे तो आने वाले वर्ष में कम-से-कम दस गुना वृद्धि की उम्मीद है. उन्होंने कहा कि ओएनडीसी पर जनवरी में 67 लाख लेनदेन किए गए और आगे चलकर मासिक लेनदेन में 20-30 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है. वह डिजिरेडी सर्टिफिकेशन पोर्टल की शुरुआत के मौके पर भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) और ओएनडीसी के बीच एक समझौता होने के अवसर पर बोल रहे थे. डीआरसी पहल के तहत गुणवत्ता परिषद ओएनडीसी के साथ मिलकर छोटी और मझोली कंपनियों की डिजिटल तैयारी का आकलन करेगी. विक्रेता ओएनडीसी मंच से जुड़ने के लिए एक ऑनलाइन स्व-मूल्यांकन टूल की मदद से अपनी तैयारियों का मूल्यांकन कर सकते हैं. कोशी ने कहा, यह लोगों को कारोबार के लिए तैयार करने के लिए मदद करने का एक तरीका है, ताकि वे जल्द नेटवर्क में शामिल हो सकें. हम उम्मीद कर रहे हैं कि इससे हजारों लोग शामिल होंगे. इस मौके पर गुणवत्ता परिषद के चेयरपर्सन जक्षय शाह ने कहा कि डीआरसी पोर्टल की पेशकश एमएसएमई को सशक्त बनाने और ई-कॉमर्स को अधिक समावेशी बनाने के मिशन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है.

### आयात

### चीन ने अमेरिका को 427.2 अरब डॉलर का सामान एक्सपोर्ट किया, जो 20% कम है

## मेक्सिको बना अमेरिका का टॉप एक्सपोर्टर

**भाषा नयी । दिल्ली**

चीन लंबे समय से अमेरिका के साथ आयात करता रहा है. अमेरिका के आयात में चीन पहले नंबर पर रहा. लेकिन पिछले कुछ समय से इसमें बदलाव के संकेत मिल रहे थे, जो अब स्पष्ट भी हो गया है. अमेरिकी कॉमर्स डिपार्टमेंट के जारी आंकड़ों के अनुसार मेक्सिको अब अमेरिका का टॉप एक्सपोर्टर बन गया है. वैसे 2023 में यह स्थिति बदल गई थी. बीते साल अमेरिका ने चीन के बजाय मेक्सिको से सबसे ज्यादा सामान मंगाया था. अमेरिका ने पिछले साल मेक्सिको से 475.6 अरब डॉलर का सामान आयात किया था, जो 2022 की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है. इस दौरान चीन ने अमेरिका को 427.2 अरब डॉलर का सामान एक्सपोर्ट किया जो 2022 की तुलना में 20 प्रतिशत कम है. इस कारण अमेरिका का ट्रेड डेफिसिट घटकर 773.4 अरब डॉलर रह गया है जो 2022 की तुलना में 19 प्रतिशत कम है. यह 2009 के बाद अमेरिका के ट्रेड डेफिसिट में सबसे बड़ी सालाना गिरावट है.

देखा जाय तो पिछले कुछ समय से चीन और अमेरिका के बीच संबंधों में काफी तल्खी आई है. दोनों देशों ने एकदूसरे की कई कंपनियों पर पाबंदी लगा रखी है. अमेरिका और दूसरे पश्चिमी देश चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं. खासकर सेमीकंडक्टर चिप्स को लेकर दोनों के बीच ठनी हुई है. इसे भविष्य का ऑयल कहा जा रहा है. अमेरिका और चीन दोनों इसकी सप्लाई चेन पर इसके लिए तैयार नहीं है. चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है लेकिन पिछले कुछ समय से वह कई मोर्चों पर संघर्ष कर रहा है. बेरोजगारी चरम पर है, विदेशी निवेशक मुंह मोड़ रहे हैं, शेयर बाजार लगातार रसातल में जा रहा है और लोग पैसे खर्च करने के बजाय बचाने में लगे हैं.

इस बीच देश में उपभोक्ता कीमतों में भारी गिरावट आई है. जनवरी में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स में 0.8 प्रतिशत की गिरावट आई. यह सितंबर 2009 के बाद इसमें आई सबसे बड़ी गिरावट है. लगातार चौथे महीने इसमें गिरावट आई है. देश की इकॉनमी पहले से ही डिफ्लेशन की स्थिति में थी जो अब और गहरा गई है. वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में गिरावट को डिफ्लेशन कहते हैं.



**चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है**

### पिछड़ा चीन

- चीन का शेयर बाजार रसातल में जा रहा है
- सेमीकंडक्टर को भविष्य का ऑयल कहा जा रहा है

